दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 188
कोटद्वार मंगलवार
8 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**ऋषिकेश।** तीर्थनगरी ऋषिकेश में कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सूर्य को अर्घ्य देकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और भिक्षुओं को दान दिया। मुनिकीरेती, स्वर्गाश्रम और लक्ष्मणझूला क्षेत्र में भी मुख्य घाट श्रद्धालुओं से गुलजार रहे। स्नान और दान का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। मंगलवार को चंद्रग्रहण के चलते सोमवार को ही कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के लिए बाहरी प्रांतों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने सुबह से त्रिवेणीघाट का रुख किया। समूचे घाट परिसर में श्रद्धालुओं की चहल कदमी रही। गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने घाट पर अराध्य देव की पूजा-अर्चना की। त्रिवेणी घाट, नावघाट परिसर पर कतार में बैठे भिक्षुओं को अन्न और धन आदि का दान दिया। इस दौरान श्री गंगा सेवा समिति की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई।


कार्तिक पूर्णिमा पर दिल्ली, यूपी, हरियाणा आदि प्रांतों से काफी संख्या में श्रद्धालु त्रिवेणी घाट पहुंचे। श्रद्धालुओं के वाहनों के दबाव के चलते घाट रोड पर जाम की स्थिति रही। वहीं, स्नान पर्व पर डूबने जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए त्रिवेणीघाट पर जल पुलिस भी तैनात रही। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस भी गश्त करती नजर आयी। घाट रोड पर फूलों और पूजा सामग्री की दुकानों में भीड़ रही। पंडित वेदप्रकाश शास्त्री ने बताया कि मंगलवार को चंद्रग्रहण के कारण कार्तिक पूर्णिमा एक दिन पहले मनायी गई है।

## दिल्ली रूट पर बसें कम पड़ने से परेशान रहे यात्री

ऋषिकेश। रोडवेज बस अड्डे में सोमवार को सवारियों का दबाव बढ़ने से दिल्ली रूट पर संचालित बसें कम पड़ गईं। यात्रियों की मुश्किलों को देखते हुए रोडवेज डिपो प्रशासन को दिल्ली के लिए दो अतिरिक्त बसें चलानी पड़ीं। वहीं, देहरादून रूट की बसों के आने का क्रम टूटने से भी यात्रियों को दिक्कत झेलनी पड़ी। लोगों को देहरादून जाने के लिए घंटों बस का इंतजार करना पड़ा। देर शाम तक परिवहन व्यवस्था लड़खड़ाती रही। सप्ताह के पहले सोमवार और कार्तिक पूर्णिमा स्नान के चलते संयुक्त यात्रा रोडवेज बस अड्डा परिसर में सुबह से सवारियों की भीड़ रही। ज्यादातर सवारियां दिल्ली की होने से ऋषिकेश से दिल्ली जाने वाली रोडवेज की बसों के फुल होने को कई यात्रियों को सीट नहीं मिली।

### भाजपा बोली-मोदी के मिशन की जीत

# आर्थिक आरक्षण को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 10 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान को बरकरार रखा है।

अब देश में ईडब्ल्यूएस आरक्षण जारी रहेगा। 5 जजों की बेंच में से 3 जजों ने संविधान के 103 वें संशोधन अधिनियम 2019 को सही माना है। केंद्र सरकार ने संविधान में संशोधन कर सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया था।

आरक्षण का प्रावधान करने वाले 103वें संविधान संशोधन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। 5 जजों की बेंच में 3 जजों जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, जस्टिस बेला त्रिवेदी और जस्टिस जेबी पारदीवाला ने ईडब्ल्यूएस (ई) आरक्षण के समर्थन में फैसला सुनाया। जबकि चीफ जस्टिस यूयू ललित और जस्टिस रविंद्र भट्ट ने ई आरक्षण पर अपनी असहमति जताई है।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को मोदी सरकार के सामाजिक न्याय मिशन की जीत बताया है। वहीं कानून राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने इसे आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के चहरों पर मुस्कुराहट लाने वाला फैसला कहा है।

कांग्रेस नेता उदित राज ने ट्वीट कर कहा, सुप्रीम कोर्ट जातिवादी है, मैं अपनी इस टिप्पणी पर स्टैंड करता हूं। मैं सुको के आरक्षण के विरोध में नहीं हूं, लेकिन फैक्ट ये है कि 30 साल से इंदिरा साहनी के फैसले का हवाला दिया जाता रहा कि आरक्षण पर सीलिंग है और आज क्या हुआ, कहां गया इंदिरा साहनी जजमेंट। ये अपर कास्ट मानसिकता का फैसला है। मेरी पार्टी क्या कोई भी मेरी बात का विरोध कैसे कर सकता है, मैंने फैक्ट कहा है, कोई कैसे विरोध कर सकता है।

मैं फैसले को चौलेंज नहीं करने जा रहा क्योंकि, उन्हीं लोगों के पास जाने का क्या फायदा?

## धर्मेंद्र प्रधान की दो टूक, विपक्ष के मुंह पर तमाचा है ईडब्ल्यूएस आरक्षण

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को विपक्ष के मुंह पर तमाचा बताया। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को बरकरार रख शीर्ष न्यायालय ने निहित स्वार्थों वाले दलों की मंशा पर पानी फेर दिया है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में, 3रू2 के बहुमत से ईडब्ल्यूएस आरक्षण देने वाले 103वें संविधान संशोधन की वैधता को बरकरार रखा है। मामले में कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा है, ईडब्ल्यूएस आरक्षण संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं करता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन करते हुए ट्वीट किया कि, 'संशोधन वैध है और किसी भी तरह से संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं करता है। ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी निहित स्वार्थ वाले दलों के मुंह पर एक तमाचा है। जिन्होंने देशवासियों के बीच तनाव पैदा करने की कोशिश की है। सुप्रीम कोर्ट ने दाखिलों और सरकारी नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने वाले 103वें संविधान संशोधन की वैधता को दो के मुकाबले तीन मतों के बहुमत से सोमवार को बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन नहीं करता।

# शीतकाल हेतु बंद हुए तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ के कपाट

**रुद्रप्रयाग।** तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए सोमवार को अपराह्न 1130 बजे बंद कर दिए गए हैं। इस मौके पर सैकड़ों भक्तों ने भोले के जयकारों के साथ डोली का स्वागत किया। इधर, बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि इस यात्रा वर्ष में तुंगनाथ मंदिर में कुल 26750 से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। सोमवार सुबह पांच बजे से मंदिर में कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू की गई। जिसके बाद पुजारी अतुल मैठाणी द्वारा भगवान का दूध, जल, दही, शहद से अभिषेक किया गया। इसके बाद पूजा-अर्चना की गई। भगवान का श्रृंगार करने के बाद दस बजे मठापति रामप्रसाद मैठाणी द्वारा दान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। रविन्द्र मैठाणी, जयष्ण मैठाणी, मुकेश मैठाणी, चंद्रप्रकाश मैठाणी, मनोज मैठाणी द्वारा स्वयंभू शिवलिंग को फूल, मेवे, फल, अक्षत और भस्म से समाधि दी गई। जिसके बाद अपराह्न 1130 बजे तुंगनाथ मंदिर के कपाट विधिविधान से शीतकाल के लिए बंद किए गए। कपाट बंद



होते ही तुंगनाथ की चल विग्रह डोली ने अपने निशानों के साथ मंदिर की तीन परिक्रमा की। इसके बाद डोली ईशानेश्वर, भैरवनाथ व भूतनाथ मंदिर से होकर चोपता की ओर रवाना हुई। उत्सव डोली दोपहर ढाई बजे पहले पड़ाव चोपता में रात्रिविश्राम के लिए पहुंची। उत्सव डोली 8 नवंबर को चोपता से प्रस्थान कर रात्रिविश्राम के लिए भनकुन पहुंचेगी। 9 नवंबर को यहां से रवाना होकर शीतकालीन गद्दीस्थल मक्कूमठ पहुंचेगी। जहां पर छह माह तक शीतकाल में भगवान की पूजा अर्चना होगी। वहीं कपाट बंद होने के अवसर पर श्रद्धालुओं भोले के भजनों पर मन्दिर परिसर में झूमते रहे।

साथ ही स्थानीय महिलाओं ने मांगल गीतों के साथ डोली को धाम से विदा किया। इस मौके पर बीकेटीसी सदस्य श्रीनिवास पोस्ती, सीईओ योगेंद्र सिंह, ईओ आरसी तिवारी, मठापति राम प्रसाद मैठाणी, प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार नौटियाल, पुजारी गंगाधर लिंग, व्यापार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मैठाणी, प्रबन्धक बलबीर नेगी, प्रकाश पुरोहित, कुशाल नेगी, प्रेम सिंह राणा, भगवती प्रसाद, प्रकाश गुसाईं, चंद्रमोहन सिंह, चंद्रमोहन बजवाल, पुजारी अतुल मैठाणी, रवीन्द्र मैठाणी, अजय मैठाणी आदि मौजूद थे।

# आशीष मिश्रा की बेल का योगी सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में किया विरोध



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखीमपुर खीरी में किसानों को कार से कुचलने के आरोपी आशीष मिश्रा की बेल का यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में विरोध किया है। राज्य सरकार ने अदालत में लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा को गंभीर अपराध करार दिया। सरकार की ओर से अदालत में कहा गया कि जब तक इस मामले में ट्रायल पूरा नहीं होता, तब तक आशीष मिश्रा को बेल पर जेल से रिहा न किया जाए। आशीष मिश्रा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे हैं। 3 नवंबर को दाखिल किए गए एफिडेविट में यूपी सरकार ने कहा, अपराध की गंभीरता और याची की आपराधिक पृष्ठभूमि और उसके प्रभाव को देखते हुए यह सही रहेगा कि ट्रायल पूरा होने तक उसे जेल से रिहा न किया जाए।

यूपी सरकार ने साफ कहा कि इस केस में ट्रायल पूरा होने और आरोप तय होने तक आशीष मिश्रा को बेल न दी जाए। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 26 जुलाई को आशीष मिश्रा को बेल देने से इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ आशीष मिश्रा ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। लखीमपुर खीरी में किसान आंदोलन के दौरान 3 अक्टूबर, 2021 को हिंसा हुई थी। इस दौरान आशीष मिश्रा के पिता से जुड़ी कार से 4 किसानों और एक पत्रकार के कुचले जाने का आरोप लगा था। इस घटना के बाद हिंसा भड़क गई थी, जिसे तीन अन्य लोग भी मारे गए थे।

इस मामले के गवाह ने भी आशीष मिश्रा को बेल दिए जाने का विरोध किया है। पीड़ित परिवारों की ओर से अदालत में तर्क दे रहे वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि इस साल मार्च और अप्रैल में आशीष मिश्रा से जुड़ लोगों ने गवाहों को धमकी दी थी और उनके साथ मारपीट की थी। उन्होंने कहा कि यह आधार आशीष मिश्रा को बेल न देने के लिए काफी है।

इस दौरान यूपी सरकार ने गवाहों के आरोपों को खारिज किया, लेकिन हाई कोर्ट के फैसले को गलत नहीं कहा, जिसमें आशीष मिश्रा को बेल देने से इनकार किया गया है।

## चीला नहर में डूबी युवती का शव मिला

**ऋषिकेश।** चीला शक्ति नहर में डूबी युवती का शव एसडीआरएफ ने बरामद किया है। एसडीआरएफ निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने बताया रविवार युवती संदिग्ध परिस्थितियों में चीला स्थित शक्तिनहर में डूब गई थी। युवती की पहचान 23 वर्षीय आंचल निवासी बैराज कलोनी हुई है। संदिग्ध हालात में ऋषिकेश निवासी युवती रविवार शाम करीब छह बजे पशुलोक बैराज के पास चीला नहर में डूब गई थी।

सूचना पर एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर रविवार शाम को सर्च अपरेशन चलाया था, लेकिन अंधेरा होने की वजह से युवती का पता नहीं चल पाया। सोमवार सुबह एसडीआरएफ की टीम ने फिर से सर्च अपरेशन चलाकर शव को बरामद किया। एसडीआरएफ के रेस्क्यू टीम इंस्पेक्टर कविंद्र सजवाण ने बताया कि युवती सिचाई विभाग कलोनी की रहने वाली थी और शाम को बाइक लेकर अकेले ही घर से निकली थी।

# भारत-चीन सीमा पर खाली होने लगी द्वितीय रक्षा पंक्ति

## नीती-माणा घाटी से लौटे भोटिया लोग



**गोपेश्वर।** पहाड़ियों में बर्फबारी के साथ ही नीती और माणा घाटी से भोटिया जनजाति के लोग निचले प्रवासों में पहुंच रहे हैं। फिलहाल, नीती घाटी में कम ही परिवार गांवों में मौजूद हैं। अधिकतर परिवार मवेशियों के साथ पैदल ही निचले प्रवासों को निकल चुके हैं।

नीती और माणा घाटी के भोटिया जनजाति के लोग शीतकाल में निचले स्थानों पर आते हैं, जबकि गीष्मकाल में फिर से नीती-माणा घाटी में रहते हैं। पलायन इनकी मजबूरी है। इसलिए भोटिया जनजाति के व्यक्तियों को ातु प्रवासी भी कहते हैं ।बदरीनाथ के कपाट बंद होने को अभी समय है, लेकिन देश के अंतिम गांव माणा व बामणी गांव के ग्रामीण ठंड बढ़ने के साथ ही अपने शीतकालीन गांवों को लौट गए हैं। माणा में व्यवसायी गतिविधियों के लिए ही कुछ ग्रामीण रुके हुए हैं।

माणा गांव के ग्रामीण शीतकाल में गोपेश्वर, मंडल घाटी व घिंघराण गांव में निवास करते हैं, जबकि नीती घाटी के गांवों के ग्रामीण देवलीबगड़, छिनका, नैग्वाड़, सेलवानी, सिरोखोमा, भीमतला, नंदप्रयाग, तेफना आदि गांवों में रहते हैं।

दरअसल शीतकाल में नीती घाटी के निवासियों का निचले इलाकों में आने का क्रम 15 अक्टूबर के बाद शुरू हो जाता है और 15 नवंबर तक जारी रहता है। ग्रामीण अपने मवेशियों को पैदल ही लाकर निचले इलाकों में आते हैं। ऐसे में पांच से अधिक पड़ावों पर रहकर ये निचले स्थानों पर पहुंचते हैं। नीति घाटी में लगभग सभी ग्रामीण शीतकालीन प्रवासों में पहुंच चुके हैं। वहां अब जो ग्रामीण रुके हुए हैं वे खेती का काम निपटाकर वाहनों से निचले स्थानों को आएंगे। नीति मलारी गांव के देव सिंह का कहना है कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने से कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है, इसलिए नीती घाटी में ज्यादा ठहराव मौसम के लिहाज से ठीक नहीं है।

### मंत्रियो ने गहलोत के खिलाफ खोला मोर्चा, बोले

# मंत्रियों के पास कोई काम नहीं है सब कुछ सीएम के पास है

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन कांग्रेस में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। एक तरफ तो जहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच खींचतान चल रही है। वहीं, दूसरी तरफ मंत्रियों ने अपने अधिकारियों की मांग लेकर सीएम गहलोत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

कभी गहलोत के विश्वस्त रहे नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने सोमवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रदेश में पूरी कमान सीएम गहलोत के पास है। पावर पूरी तरह से केंद्रित है। उन्होंने कहा कि पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति करने वाले से लेकर कांस्टेबल (सिपाही) का तबादला तक मुख्यमंत्री आवास पर होता है। छोटे-छोटे तबादलों के लिए मुख्यमंत्री आवास पर जाना होता है। प्रदेश में सबकुछ मुख्यमंत्री आवास पर होता है।

गुढ़ा ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा ( आईएएस) के अधिकारियों को मंत्रियों को रिपोर्ट देना चाहिए। सभी तरह के कामकाज मुख्यमंत्री आवास को सौंपे जाने चाहिए। गुढ़ा ने कहा कि कुछ मंत्री कह रहे हैं कि हम आईएएस अधिकारियों की एसीआर भर रहे हैं। लेकिन बेचारे मंत्री कहां एसीआरभर रहे हैं। सभा तो पूरी तरह से मुख्यमंत्री आवास पर केंद्रीत है। वहीं से समस्त काम होते हैं। वित्त और गृह जैसे सभी विभाग सीएम के पास हैं। मंत्री तो अपने काम के लिए मुख्यमंत्री आवास और कार्यालय के चक्कर लगाते रहते हैं। कई मंत्री कह देते हैं कई अंदर ही बात रखते हैं। जबकि अंदरखाने सब बैठकर रोते हैं ।उन्होने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सोच से उलट राजस्थान में काम हो रहे हैं। राहुल सत्ता बांटने की बात करते हैं। वे कहते हैं कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह चला रहे हैं। लेकिन राजस्थान तो पूरी सत्ता एक ही जगह केंद्रित है ।उन्होंने कहा कि नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास की पीड़ा से मैं सौ फीसदी सहमत हूं। उन्होंने जो मुददा उठाया, वह सही है। विधायकों, मंत्रियों की कहीं कुछ नहीं चल रही है। विधायकों के पास कुछ नहीं है। कार्यकर्ताओं के पास कुछ भी नहीं है। उल्लेखनीय है कि खाचरियावास ने पिछले सप्ताह आईएएस अधिकारियों की एसीआर सीएम के बजाय मंत्रियों से भरवाने का मुददा उठाया था।

## पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर से जुड़े दुष्कर्म मामले में 3 पुलिसकर्मियों पर तय होंगे आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के खिलाफ दुष्कर्म के मामले में जांच करने वाले यूपी के तीन पुलिसकर्मियों पर स्पेशल कोर्ट ने आरोप तय करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने नाबालिग पीड़िता द्वारा दुष्कर्म की शिकायत दर्ज करने में विफल रहने के आरोप से एक पुलिस अधिकारी को बरी करने से इन्कार कर दिया। उन्नाव जिले के सफीपुर में तत्कालीन सर्किल अधिकारी (सीओ) कुंवर बहादुर सिंह की आरोपमुक्त की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने मामले को जनवरी में कुंवर बहादुर सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के लिए सूचीबद्ध किया है। तत्कालीन सीओ के अलावा माखी पुलिस स्टेशन के पूर्व एसएचओ डीपी शुक्ला और उप-निरीक्षक दिग्विजय सिंह के खिलाफ भी आरोप तय करने के आदेश दिए हैं।

# शराब घोटाले में सिसोदिया की बढ़ेंगी मुश्किलें?

## करीबी बन सकता है सरकारी गवाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उनका एक कथित सहयोगी आरोपी दिनेश अरोड़ा सरकारी गवाह बन सकता है। दिल्ली की विशेष सीबीआई अदालत इस मामले में जांच एजेंसी की अपील पर सुनवाई कर रही है। विशेष सीबीआई अदालत दिनेश अरोड़ा को सरकारी गवाह बनाने की केंद्रीय जांच ब्यूरो (ब्मदजतंस ठनतमंन व् प्दअमेजपहंजपवद, ब्ठप्) की अपील पर अपना आदेश सुना सकती है।

विशेष सीबीआई न्यायाधीश एमके नागपाल मामले की सुनवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह सीबीआई की ओर से प्रस्तुत किए गए आवेदन को देख रहे हैं। वह कैमरे की नजर में अदालती कार्यवाही की मांग पर भी आदेश पारित करेंगे। आरोपी



व्यवसायी दिनेश अरोड़ा ने सोमवार को कहा कि वह मामले में अपनी भूमिका के बारे में जानकारियां साझा करने के लिए तैयार है। वह इस केस में सरकारी गवाह बनने पर सहमत है।

सुनवाई के दौरान उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का कथित सहयोगी आरोपी दिनेश अरोड़ा ने सच बोलने की शपथ ली। उसने कहा कि वह कथित अपराधों में संलिप्तता के बारे में स्वेच्छा से जानकारी साझा करने के लिए तैयार है। उसने कहा कि मैंने पहले भी सीबीआई की ओर से की जा रही छानबीन में सहयोग किया है। मैंने इस संबंध में जांच अधिकारी के समक्ष कुछ बयान भी दिए हैं।

मालूम हो कि सीबीआई ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में व्यवसायी दिनेश अरोड़ा को गवाह बनाने के लिए सीआरपीसी 306 के तहत सोमवार को दालत में याचिका दायर की। सीबीआई की ओर से इस मामले में जमानत याचिका का विरोध नहीं किए जाने पर कुछ दिन पहले इसी अदालत ने दिनेश अरोड़ा को अग्रिम जमानत दी थी।

अरोड़ा की ओर से अग्रिम जमानत की अर्जी तब दायर की गई थी जब सीबीआई ने विजय नायर को गिरफ्तार किया था और ईडी ने समीर महेंद्रू को गिरफ्तार किया था। बाद में सीबीआई ने हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली को भी दिल्ली की आबकारी नीति के निर्धारण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले की चल रही जांच में गिरफ्तार किया था।

मालूम हो कि पिछले महीने लगभग नौ घंटे तक की पूछताछ में मनीष सिसोदिया ने सभी आरोपों से इनकार कर दिया था। उन्होंने भाजपा पर दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार को गिराने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा था कि दिल्ली में किसी घोटाले का कोई मुद्दा नहीं है.. पूरा मामला फर्जी है। मामला मेरे खिलाफ किसी घोटाले की जांच का नहीं बल्कि दिल्ली में अपरेशन लोटस को सफल बनाने का है।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। सिसोदिया को दिल्ली सरकार के तत्कालीन आबकारी विभाग के प्रभारी के कारण प्राथमिक आरोपी के रूप में नामित किया गया था।

# सफलता का एक ही मूलमंत्र विकल्प रहित संकल्प : सीएम

## मुख्यमंत्री ने दि हिमालयन कप ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता टीम को प्रदान की ट्रॉफी

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के युवा खिलाड़ियों से दृढ़ इच्छा शक्ति एवं मेहनत के साथ विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन पर ध्यान देने की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि सफलता का एक ही मूलमंत्र है विकल्प रहित संकल्प। युवा खिलाड़ी अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिये पूरी मेहनत एवं एकाग्रता के साथ प्रयास करे। युवा जिस भी क्षेत्र में जाए वहां लीडर बनने का प्रयास करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एम वी एजुकेशन सोसाइटी द्वारा आयोजित ऑल इण्डिया हिमालयन फुटबॉल कप टूर्नामेंट में विजेता टीम गढ़वाल हीरोज को ट्रॉफी प्रदान की।सोमवार को स्थानीय पवेलियन ग्राउण्ड में दि हिमालयन कप ऑल इण्डिया फुटबाल टूर्नामेंट के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारे युवा खिलाड़ी विभिन्न खेल की प्रतियोगिताओं में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहे है, जिससे देश में उत्तराखण्ड की पहचान बन रही है। यह हमारे खिलाड़ियों की खेलों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिचायक है। हमारा यह भी प्रयास है कि भारत के पौराणिक खेलों जैसे कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल अथवा प्राचीन मल्ल, अखाड़ों से



निकला गतका और मलखम्ब को विश्व पटल पर पहचान दिलायी जाए। एक समय पर भुला दिए गए ये सभी खेल आज देश-विदेश में खूब प्रसिद्ध हो रहे हैं। हमारा निरंतर यह प्रयास है कि हम खेलों के माध्यम से भी सांस्कृतिक संवर्धन का कार्य करें ताकि हमें अतीत का ज्ञान रहे और लुप्त हो रही विधाएं जीवित रहें।मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं भी फुटबॉल के प्रशंसक रहे हैं। खेल के मैदान में भी उत्तराखंड अग्रणी राज्य बने, इसी के तहत राज्य में खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु नई खेल नीति बनाई गई है। हमारी सरकार ने खेल दिवस-2022 के अवसर पर ह्लमुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजनाह्व प्रारंभ की थी तथा कुछ समय पहले राज्य के प्रतिभाशाली उभरते खिलाड़ियों के लिए खेल छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया था जो शुरू कर दी गयी है। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना में 8 से 14 वर्ष के उभरते खिलाड़ियों को 1500 रूपये प्रतिमाह की खेल छात्रवृत्ति दी जा रही है। हर जिले के 150 बालक और 150 बालिकाओं अर्थात प्रदेश के कुल 3900 उभरते खिलाड़ियों को खेल छात्रवृत्ति दी जा रही हैं।

## नाबालिग किशोरी को भगाने के मामले में अपहरण का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। किशोरी को बहला–फुसला कर भगाने के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री 3 नवंबर की सुबह कोचिंग के लिये घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नही पहुंची। खोजबीन करने पर पता चला अमानत रसूल उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है। जबकि पूर्व में भी आरोपी इस तरह की हरकत कर चुका है। पुलिस ने मामले में आरोपी अमानत रसूल के खिलाफ धारा 363 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ओलंपस हाई स्कूल में हुआ वार्षिक एथलेटिक्स मीट और पीटी डिस्प्ले का आयोजन

देहरादून। ओलंपस हाई स्कूल में सोमवार को वार्षिक एथलेटिक्स मीट और पीटी डिस्प्ले का आयोजन किया गया। जिसमें साम हाउस को बेस्ट हाउस डेकोरेशन और बेस्ट ओवरऑल हाउस का पुरस्कार दिया गया। जबकि अथर्व हाउस को बेस्ट मार्च—पास्ट का पुरस्कार मिला।

बेस्ट एथलीट का खिताब शोमी पीएस नेगी को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दून हेरिटेज स्कूल के चेयरमैन कैप्टन रोहित सोती, संस्थापक प्रिंसिपल मीनाक्षी सोती,स्कूल के एमडी कुनाल शमशेर मल्ला और प्रिंसिपल अनुराधा मल्ला ने किया। इसके बाद लड़के और लड़कियों की 400 मीटर, 200 मीटर और 100 मीटर स्प्रिंट रेस, रिले रेस, शटल रिले रेस, रस्साकशी, रेस्क्यू ऑपरेशन रेस, बिल्डिंग द ब्रिज रेस, और साइकिल रेस प्रतियोगिताओं में भाग लिया। छात्रों के माता—पिता ने भी लेमन स्पून रेस और थ्री लेग्ड रेस में भाग लिया। प्रबंध निदेशक कुनाल शमशेर मल्ला ने कहा कि हम कोरोनो के कारण लंबे अंतराल के बाद इस वार्षिक एथलेटिक्स मीट की मेजबानी करते हुए बेहद खुशी महसूस कर रहे हैं। इस तरह के आयोजन उपस्थित सभी के बीच अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। इस दौरान हेड बॉय क्षितिज गुहा, हेड गर्ल तेजस्विनी धीमान, स्कूल स्टाफ और छात्र भी मौजूद रहे।।

### बड़ोवाला एफसी ने जीता ललित मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट

देहरादून। उत्तराखंड फुटबॉल एरीना नंदा की चौकी में आयोजित प्रथम अर्जुन वल्दिया ललित मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइलन बड़ोवाला एफसी ने जीता। सोमवार को खेले गए फाइलन मुकाबले में उसने हिमालयन एफसी को हराया। बड़ोवाला एफसी की ओर से नवीन ने फाइलन गोल कर अीम को जीत दिलाई। जीतने वाली टीम को 31,000 कैश और ट्रॉफी प्रदान की गयी। मनोज ममगईं, अरुण मल्होत्रा सदस्य आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के सदस्य अरुण मल्होत्रा, एरीना के डायरेक्टर अविनाश राहुल, राहुल सेठवाल,शिवनाथ सिंह पंवार और दीपक रावत आदि मौजूद रहे।

# अनुशासन और सेवा कार्य में भारत स्काउट एवं गाइड की अहम भूमिका : सीएम



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में भारत स्काउट एवं गाइड की स्थापना दिवस के अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड के प्रतिनिधि दल ने भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधि दल ने मुख्यमंत्री को स्टीकर एवं ध्वज लगाया। मुख्यमंत्री ने अंशदान देते हुए कहा कि अधिक से अधिक छात्रों को स्काउट एवं गाइड से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि अनुशासन, सेवा भाव और परोपकार के कार्यों में भारत स्काउट एवं गाइड की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर उत्तर-ाखण्ड से मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड श्रीमती सीमा जौनसारी, भारत स्काउट एवं गाइड से रविन्द्र मोहन काला, बीएस रावत, अरूण राय, राहुल रतूड़ी, सुश्री विमला पंत उपस्थित थे।

## विधानसभा अध्यक्ष का चमोली दौरा आज से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण का मंगलवार और बुधवार को जनपद भ्रमण पर रहेंगी। यह जानकारी देते हुए जिला कार्यालय के प्रभारी अधिकारी सीएस बनकोटी ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष मंगलवार को सांय 5 बजे भरारीसैण पहुंचेंगी। अगले दिन बुधवार को राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर दोपहर 2 बजे पीपलकोटी के लिए प्रस्थान करेंगी। रात्रि विश्राम के लिए बद्रीनाथ पहुंचेगी। अगले दिन 10 नवम्बर को बद्रीनाथ धाम में पूजा अर्चना कर श्रीनगर के लिए प्रस्थान करेंगी।

# सीमांत क्षेत्र के निवासी सीमाओं के पहरी : सीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सीमांत क्षेत्र के निवासी हमारी सीमाओं के पहरी भी है। उन्होंने रं कल्याण संस्था द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यकलापों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भी देश के सीमांत क्षेत्रों के अवस्थापना सुविधाओं के विकास के साथ ही इन क्षेत्रों की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण की दिशा में पहल की गई है। राज्य सरकार द्वारा भी राज्य के सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिये प्रभावी कार्य योजना पर कार्य किया जा रहा है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को सचिवालय में रं कल्याण संस्था के प्रतिनिधियों ने भेंट की। उन्होंने जनपद पिथौरागढ़ की तहसील धारचूला के सीमांत एंव संवेदनशील



क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा रखी गई विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रं कल्याण संस्था के संरक्षक नृप सिंह नपलच्याल, संस्था के अध्यक्ष बिशन सिंह बोनाल, डीएस गर्ब्याल, सीएस ग्वाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी भी उपस्थित थे।

## एक नजर

### गिरीश बने पिथौरागढ़ भाजपा के जिलाध्यक्ष

पिथौरागढ़। भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी का पिथौरागढ़ पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने एंचोली से भाजपा कार्यालय तक रैली निकाली। जिला मुख्यालय में भाजपा के नए जिलाध्यक्ष गिरीश का ढोल दमाऊ और छोलिया नृत्य के साथ स्वागत हुआ। कार्यकर्ता स्वागत के लिए एंचोली पेट्रोल पंप पहुंचे और बाइक और वाहनों से रैली निकालकर भाजपा कार्यालय लाए। भाजपा कार्यालय में महिलाओं ने टीका लगाकर व फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जो दायित्व दिया है उसे निभाने का कार्य करुंगा। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व आम कार्यकर्ताओं से तालमेल कर भाजपा को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन गेहराज पाण्डेय ने किया। इस दौरान डीडीहाट विधायक विशन सिंह चुफाल, नगर पालिकाध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत, जिपं अध्यक्ष दीपिका बोहरा, सहकारी बैंक के अध्यक्ष मनोज सामंत, वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेश पंत, बसंत पुनेठा, गिरीश पुनेठा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने किया हिमाचल और उत्तराखंड की प्रदेश सरकारों पर जमकर हमला

विकासनगर। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए जाते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने हिमाचल और उत्तराखंड की प्रदेश सरकारों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि दोनों ही प्रदेशों में सरकार की जन विरोधी नीतियों के चलते जनता त्रस्त है। सोमवार को त्यूणी में मीडिया से वार्ता करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चकराता विधायक ने कहा कि पूरे देश के साथ ही उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में महंगाई चरम पर है। रसोई गैस, डीजल, पेट्रोल के दाम आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गए हैं। दोनों ही प्रदेशों में युवाओं के साथ धोखा हुआ है। उत्तराखंड में भर्ती घोटाला हुआ तो हिमाचल प्रदेश में पुलिस विभाग समेत कई अन्य विभागों में भर्ती घोटाले हुए हैं। कहा कि युवाओं के सपनों का सौदा करने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

# महिलाएं सीख रही जूट के कैरीबैग, मनीपर्स बनाने के गुर



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : एनआरएलएम के तहत स्वयं सहायता समूहों में ग्रामीण महिलाओं की आजीविका बढ़ाने के लिए आरसेटी द्वारा क्षेत्र में निरंतर कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि ग्रामीण परिवेश में महिलाओं की आर्थिकी और मजबूत बनाया जा सके। जनपद के विकास खंड ऊखीमठ के टूरिस्ट विलेज/देवरियाल बेस कैंप सारी में आरसेटी रुद्रप्रयाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को बढ़ाने के लिए जूट के कैरीबैग, मनीपर्स, लेडीज हैंड बैग, फोल्डर आदि के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण गत 01 नवंबर से शुरू किया गया है। 13 नवंबर तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में समूह की महिलाएं बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। मास्टर ट्रेनर किरन नेगी द्वारा महिलाओं को जूट के विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिलाएं सिलाई मशीन से सिलकर जूट के कैरीबैग, मनीपर्स तैयार करने लग चुकी हैं। प्रशिक्षण को लेकर महिलाएं काफी उत्साहित दिखी। इस दौरान एसबीआई ग्रामीण स्वरोजागार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक केएस रावत, सहायक खंड विकास जीएल आर्य, एलडीएम विवेक कुमार, सहायक निदेशक दुग्ध विकास एसके.सिंह द्वारा कार्यक्रम में हिस्सा लेकर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया और स्वरोजगार की संभावनाओं पर भी उनके साथ चर्चा की गई।



## सड़क मांग को दिया सरोना के ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी दफ्तर पर धरना

देहरादून। सरोना न्याय पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग पूरी नहीं होने लोनिवि के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आक्रोशित ग्रामीण सोमवार को पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड कार्यालय पर धरने पर बैठ गए। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष गोनियाल, महादेव भट्ट और बवीता रावत ने कहा कि क्यारा गांव से धनोल्टी तक की सड़क का 2017 में शिलान्यास हुआ था, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया। सेरकी–सिल्ला सड़क का डामरीकरण भी नहीं हो पाया। सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिस कारण आवाजाही में परेशानी हो रही है। इस सड़क पर 2012 से अभी तक कोई काम नहीं हुआ।

# चोरी के जेवरात सहित आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। विकासनगर कोतवाली पुलिस ने मुस्लिम बस्ती में घर में हुई चोरी का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस चोरी के सोने चांदी के जेवरात बरामद किये हैं। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया है।

जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। चार नवंबर की रात को चोरों ने इजहार पुत्र इकबाल निवासी वार्ड नंबर तीन मुस्लिम बस्ती विकासनगर में घर के ताले तोड़कर लाखों रुपये के सोने–चांदी के जेवरात चुरा लिए थे। इस मामले में इजहार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने चोरी के खुलासे के लिए टीम गठित की। पुलिस की टीम ने पीड़ित परिवार के घर से लेकर विकासनगर बाजार की गली मोहल्लों व चौक चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तेजी से तलाश शुरू की। पुलिस ने आरोपी अदनान उर्फ पकोडी पुत्र कामिल निवासी मुस्लिम बस्ती को कैनाल रोड निकट त्यागी फर्म के पास से गिरफ्तार किया है।

## निर्माणाधीन तीन दुकानों सहित पूरे भवन को सील किया

ऋषिकेश। अवैध निर्माण पर मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण एमडीडीए की कार्रवाई जारी है। एमडीडीए और तहसील प्रशासन की टीम ने डोईवाला के तेलीवाला में निर्माणाधीन भवन और तीन दुकानों को सील किया है। बिना नक्शा पास कराए अवैध रूप से भवन और दुकानों का निर्माण किया जा रहा था। सोमवार को डोईवाला तहसील प्रशासन और एमडीडीए की संयुक्त टीम तेलीवाला मारखग्रांट पहुंची। यहां तहसीलदार मोहम्मद शादाब की अगुवाई में निर्माणाधीन तीन दुकानों सहित पूरे भवन को सील किया गया।

# सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ उठाई आवाज

नई टिहरी : उत्तराखंड राज्य के स्थापना दिवस से पूर्व विभिन्न संगठनों ने जुड़े लोगों और बुद्धिजीवियों ने लोकतंत्र बचाओ, उत्तराखंड बचाओ का नारा लगाते हुए सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज़ उठाई। इस बावत बालगंगा सेवानिवृत्त एवं वरिष्ठ नागरिक समिति ने तहसील प्रशासन के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भी प्रेषित किया।

सोमवार को चमियाला में बालगंगा सेवानिवृत्त एवं वरिष्ठ नागरिक समिति ने सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर बैठक की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि राज्य बनने के 22 साल होने के बाद जिन सपनों के लिए उत्तराखंड की जनता ने लड़ा था, और जिन विचारों के लिए कई युवा शहीद हुए, वह सपने अभी कहीं नहीं दिख रहे हैं। अर्थ व्यवस्था को लेकर सरकार बड़ी कंपनियों के हित में ही नीतियां बना रही है, और जल जंगल ज़मीन पर लोगों के हकों को खत्म कर दिया गया है। कहा



कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय अनुसार स्वतंत्र पुलिस शिकायत आयोग बनाया जाए। साथ ही लोकायुक्त को सक्रिय किया जाये। प्रदेश भर में जल जंगल ज़मीन पर लोगों के हक़ हकूकों को स्थापित करने के लिए 2018 के भू कानून संशोधन को रद्द किया जाये। वन अधिकार कानून के तहत हर गांव को अधिकार पत्र दिया जाये। भू सुधार को पूरा किया जाये और ज़मीन पर महिलाओं, ग्राम सभा भूमि पर बसे छोटे किसानों और दलितों का मालिकाना हक़ को सुनिश्चित किए जाने, जंगली जानवरों के हमलों को ले कर योजना बनाई जाए।

# राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित निस्तारण करें

## भू-राजस्व वसूली में खराब प्रदर्शन करने वाले राजस्व अमीनों पर होगी कार्रवाई

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक ने सोमवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग के अक्टूबर माह की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित निस्तारण करने और भू-राजस्व वसूली में खराब प्रदर्शन करने वाले राजस्व अमीनों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में वाणिज्य कर, स्टांप तथा निबंधन, आबकारी, परिवहन कर, वन, खनन, भू-राजस्व, रेवन्यू पुलिस, फौजदारी, शमन आदि मामलों के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन व तहसील स्तर पर लंबित शिकायतों की भी समीक्षा हुई।अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष मुख्य एवं विविध देयकों, आरसी आदि की वसूली, खनन, राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाना सुनिश्चित करें। रेग्यूलर एवं राजस्व पुलिस क्षेत्रान्तर्गत विवेचना में लंबित अपराधिक मामलों तथा तहसील स्तरों पर 6 माह से अधिक समय से लंबित वादों को प्राथमिकता पर रखते हुए निस्तारण किया जाए। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित



पेंशन प्रकरणों और तहसीलों में विभिन्न स्तरों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का प्राथमिकता पर निराकरण करें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्कूल, अस्पताल, राशन डीलर, वाहन चैकिंग, कूडा निस्तारण आदि संबधी निरीक्षण रिपोर्ट भी समय से उपलब्ध करें। अवैध एवं कच्ची शराब की तस्करी को रोकने के लिए आबकारी विभाग को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि रेग्यूलर पुलिस क्षेत्रान्तर्गत 73 अभियोग शेष है। राजस्व क्षेत्रों में दर्ज 58 अपराधों में से 43 रेग्यूलर पुलिस को हस्तातरण किए गए है। फौजदारी के 106 मामलों में से अक्टूबर में 7 मामलों का निस्तारण किया गया है। तहसीलों मे विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत दर्ज 313 राजस्व वादों में से 113 निस्तारित कर लिए गए है। विविध देयकों में 58 प्रतिशत वसूली की गई है। परिवहन विभाग द्वारा 14982 की चैकिंग की गई, जिसमें से 2294 वाहनों का चालान किया गया। आबकारी विभाग द्वारा 52.48 करोड़ राजस्व प्राप्ति की गई है, जो कि विगत वर्ष से 21 प्रतिशत अधिक है। बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक सैनी, एसडीएम कमलेश मेहता, एसडीएम कुमकुम जोशी, एसडीएम संतोष पाण्डे, समस्त तहसीलदार व नायब तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के विभिन्न पटलों के पटल सहायक उपस्थित थे।

## निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तेजी से करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला मुख्यालय स्थित निर्माणाधीन रांसी खेल मैदान की कार्यप्रगति को लेकर निर्माणदायी संस्था उत्तराखण्ड पेयजल निगम व खेल विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। जिलाधिकारी ने निर्माणदायी संस्था के अधिकारी को फंड की मांग हेतु धरातलीय वस्तुस्थिति को दर्शाते हुए शासन हेतु पत्र तैयार करने के निर्देश दिए। कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तेजी से किया जाए। विगत 2 नवम्बर को जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन खेल मैदान के निरीक्षण के दौरान मौके पर 19 बोरी सीमेंट और केवल 6 श्रमिक मौके पर पाए गए। निर्माण कार्यों की धीमी गति पर निर्माणदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर सीपीएस रावत ने कहा कि निर्माण कार्यों में गति लाने के लिए लगभग 10 करोड़ की धनराशि की आवश्यकता है। जबकि अतिथि तक 10 करोड़ की वित्तीय प्रगति के साथ 60 प्रतिशत भौतिक उपलब्धि हासिल कर ली गई है। बैठक में प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार, जूनियर इंजीनियर पेयजल निगम पौड़ी राहुल मालवा आदि उपस्थित थे।

# गाली देने पर हुआ विवाद, छोटे ने बड़े भाई की कर दी हत्या

**◆नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बलदभद्रपुर मोहल्ले की घटना**
**◆घर के कमरे में लहुलुहान स्थिति में मिला बड़े भाई का शव**



कोटद्वार में घटनास्थल पर पहुंचकर जांच करती पुलिस ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** गाली देने पर छोटे भाई ने बड़े भाई के सिर पर सिलेंडर से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लहुलुहान हालत में पड़े शव को अपने कब्जे में लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में परिजनों की ओर से अब तक पुलिस को किसी भी तरह की तहरीर नहीं दी गई है।

सोमवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि बलभद्रपुर मोहल्ले के एक घर में व्यक्ति का शव पड़ पड़ा हुआ है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो घर के कमरे में लहुलुहान शव के समीप एक व्यक्ति बैठका हुआ था। व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने स्वयं का नाम युद्धवीर सिंह बताया। उसने बताया कि मृतक सुखवीर (50 वर्ष) उसका बड़ा भाई है। रविवार देर रात वह दोनों साथ में बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान सुखवीर व उसके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। सुखवीर उसे गाली देने लगा, जिससे नाराज होकर उसने सुखवीर के सिर पर सिलेंडर से हमला कर दिया। जिससे सुखवीर की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि घर में दोनो भाईयों की मां भी रहती थी। लेकिन, वह काफी समय से मानसिक रूप से बीमार है। बताया कि आरोपी युद्धवीर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में मृतक के रिश्तेदारों को सूचना दे दी गई है। यदि स्वजनों की ओर से तहरीर नहीं मिलती तो पुलिस स्वयं ही इसमें मुकदमा दर्ज करेगी। पुलिस ने बताया कि मृतक क्षेत्र में मजदूरी का काम करता था। जबकि, आरोपी उसका छोटा भाई राजस्थान मे चूड़ी बेचता है। साथ ही उसका परिवार भी राजस्थान में ही रह गया है। मृतक का कुछ वर्ष पूर्व अपनी पत्नी से तलाक हो गया था।

# अधिकांश विद्यार्थियों को फेल करने पर जताया रोष

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भेजा कुलपति को ज्ञापन**



महाविद्यालय के माध्यम से श्री देव सुमन विश्व विद्यालय के कुलपति को ज्ञापन भेजते छात्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीकॉम व बीएसएसी प्रथम वर्ष की परीक्षाओं में अधिकांश विद्यार्थियों को फेल करने के साथ ही न्यूनतम अंक देने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रोष व्यक्त किया है। परिषद ने श्री देव सुमन विश्व विद्यालय के कुलपति को ज्ञापन भेजते हुए पुनः परीक्षा परीणाम की जांच करवाने की मांग की है। सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय के माध्यम से श्री देव सुमन के कुलपति को ज्ञापन भेजा। बताया कि कुछ दिन पूर्व विश्व विद्यालय की ओर से बीकॉम व बीएससी प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें अधिकांश विद्यार्थियों को या तो फेल कर दिया गया है या उन्हें न्यूनतम अंक दिए गए हैं। जबकि, परीक्षा में विद्यार्थियों ने प्रश्नों के बेहतर उत्तर दिए। विश्वविद्यालय की इस लापरवाह कार्यप्रणाली से विद्यार्थियों में रोष बना हुआ है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। कहा कि यदि परीक्षाओं की दोबारा सही जांच नहीं करवाई गई तो अभाविप विश्वविद्यालय के खिलाफ प्रदर्शन करेगा। इस मौके पर अभाविप के जिला संयोजक तरूण ईष्टवाल, आशीष केष्टवाल, मयंक विश्नोई, अनुराग थापा, अनुराग कंडवाल, शिवांशु शाह, विकास कुमार, क्षितिज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# कविता पाठ में पीयूष सुंदरियाल रहा प्रथम

**भरत महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित की गई प्रतियोगिताएं**



भरत महोत्सव में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करती खिलाड़ी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भरत महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान कविता पाठ में पीयूष सुंदरियाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा व पार्षद अमित नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी आगे रहना चाहिए। कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों के लिए कबड्डी तायकांडो, सुपर शैफ (नॉन फायर), गायन प्रतियोगिता, क्राफ्ट प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, बेस्ट ड्रामेबाज एवं एकल नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं, रविवार को हुई स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का भी परिणाम घोषित किया गया। जिसमें पीयूष सुंदरियाल ने प्रथम, प्रणव बलूनी ने द्वितीय व स्वाति अधिकारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

योग प्रतियोगिता में संतोष रावत, सार्थक कंडवाल, सोनम रावत ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुपर योग प्रतियोगिता में भारत स्वाभिमान न्यास कोटद्वार प्रथम, महर्षि कण्व योग समिति द्वितीय एवं महर्षि कण्व योग समिति तृतीय स्थान पर रहे। अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता के प्राइमरी वर्ग में प्राची नेगी, आयुष नेगी, दिव्यांशी बिष्ट, हिन्दी सुलेख में आराध्या सिंह, रचित, शिवानी, जूनियर वर्ग में अर्चिता काला, सारांशी रावत, प्रिया अधिकारी ने ने प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी जूनियर वर्ग में महक रावत, तेजस्वनी बडथ्वाल, अर्णव कुकरेती, सीनियर वर्ग हिंदी में दीपाली नेगी, मुस्कान, हिमानी ने प्राप्त किया। अंग्रेजी सीनियर वर्ग में कृष्ण कुकरेती, प्रियांशी बिष्ट, अंशुल रावत ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कीर्तन मंडली प्रतियोगिता में मवाकोट प्रथम, जाग्रति द्वितीय व मंदेवपुर तृतीय स्थान पर रहा। वाद्ययंत्र प्रतियोगिता में आदित्य बिन्नी ने प्रथम, जोसेफाइट्स ग्रुप नें द्वितीय एवं अंकुश बौंठियाल नें तृतीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबाल प्रतियोगिता बालिका वर्ग में नवयुग पब्लिक स्कूल ने बाजी मारी।

क्राफ्ट प्रतियोगिता में प्राइमरी वर्ग में यशवी रावत ने प्रथम, सिद्धार्थ थपलियाल ने द्वितीय, आकंक्षा नेगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में अदिति गुसाई ने प्रथम, सृष्टि रावत ने द्वितीय व रितिका राणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डू समथिंग सोसाइटी के अध्यक्ष मयंक प्रकाश कोठारी, शिवानी बलूनी, नितीश कुमार आदि मौजूद रहे।

## श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान महोत्सव नौ से

**कोटद्वारः** कोटद्वार में तीन दिवसीय श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान महोत्सव 9 दिसंबर से होगा। महोत्सव के सफल संचालन को मंदिर समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पहले दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगद्गुरु शंकराचार्य राज राजेश्वराश्रम होंगे। पहले दिन 9 दिसंबर को सुबह 5 बजे से पिंडी महाभिषेक होगा। प्रातः 7 बजे मंदिर परिक्रमा के बाद एकादश कुंडीय यज्ञ होगा। तत्पश्चात प्रातः 8 बजे सिद्धों का डांडा में पूजन होगा। अपराह्न 3:30 बजे सिद्धबली मंदिर से देवी रोड तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। मेले के दूसरे दिन दोपहर 1 बजे गढ़वाली भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें गढ़वाली भजन गायक दर्शन फरस्वाण और भजन गायिका दीपा नागरकोटी भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत माता मंदिर के महामंडलेश्वर श्री ललितानंद गिरी महाराज होंगे। मेले के अंतिम दिन 11 दिसंबर को प्रातः 10बजे गढ़वाली जागर होंगे। दोपहर 12 बजे सवामन रोट सिद्धबाबा को चढ़ाने के बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से हिंदी भजन संध्या होगी जिसमें भजन सम्राट पियूषा कैलाश अनुज भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के संस्थापक आचार्य बालकृष्ण होंगे।

# वीरेंद्र रावत बने भाजपा जिलाध्यक्ष



वीरेंद्र रावत को जिलाध्यक्ष बनाने पर खुशी मनाते कार्यकर्ता।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से वीरेंद्र रावत को कोटद्वार भाजपा जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर वीरेंद्र रावत का स्वागत किया।

इस मौके पर पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने पार्टी नेतृत्व और वरिष्ठ नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसमें वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कार्यकर्ताओं से उन्होंने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए एकजुटता से काम करने का आह्वान किया। कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने साधारण कार्यकर्ता को भाजपा का जिलाध्यक्ष बनाकर यह सिद्ध कर दिया कि कार्यकर्ताओं का मान–सम्मान व स्वाभिमान भाजपा में ही सुरक्षित है। इस मौके पर मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला, शांतनु रावत, रजत भट्ट, जितेंद्र नेगी, कैलाश खुल्बे, मनोज पांथरी, अमित नेगी, हेमंत गौड़, नवल किशोर, मनमोहन पांडे, वरुण इष्टवाल और रजनीश चौधरी सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# महिला पर भालू ने किया हमला, घायल



कोटद्वार बेस अस्पताल में उपचार को पहुंची भालू के हमले में घायल महिला।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पोखाल के संगलाकोटी ग्राम भीखू में भालू ने एक महिला पर हमला कर दिया। महिला को उपचार के लिए राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में भर्ती करवाया गया है।

महिला के स्वजनों ने बताया कि सोमवार सुबह माहेश्वरी देवी 65 वर्ष जंगल में घास लेने गई हुई थी। इसी दौरान झाड़ियों के पीछे घात लगाकर बैठे भालू ने उनपर हमला कर दिया। आसपास मौजूद अन्य महिलाओं के शोर मचाने पर भालू जंगल की ओर भाग गया। बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने महिला को 108 के माध्यम से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। जहां महिला का उपचार चल रहा है। वहीं, ग्रामीणों ने वन विभाग से भालू के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है। कहा कि गांव के आसपास धमक रहे भालू से ग्रामीणों में खौफ बना हुआ है।

## नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का श्रीनगर में स्वागत, बांटी मिठाई

**श्रीनगर** : भाजपा कार्यालय श्रीनगर में पौड़ी जिले की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुषमा रावत का श्रीनगर मंडल के अंतर्गत रहने वाले भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही मिष्ठान वितरण भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि पौड़ी जिले का सांगठनिक नेतृत्व एक महिला का सम्मान करते हुए सुषमा रावत को दिया गया है। जिसके लिए समस्त भाजपाइयों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। इस मौके पर श्रीनगर मंडल अध्यक्ष गिरीश पैन्यूली, पौड़ी जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट,भाजयुमो के प्रदेश मंत्री सुधीर जोशी, सभासद विनीत पोश्ती आदि लोग मौजूद रहे।

# आरएसएस स्वयं सेवकों ने निकाली साईकिल रैली



सिद्धबली में बाबा के दर्शन को पहुंचे आरएसएस स्वयं सेवक।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राष्ट्रीय स्वयं संघ कोटद्वार द्वारा स्वयं सेवकों का पर्यावरण से जोड़ने के उद्देश्य से वन विहार कार्यक्रम के तहत साईकिल रैली निकाली गई।

नगर बाल विद्यार्थी प्रमुख नितिन कुमार के नेतृत्व में संघ कार्यालय पदमपुर से शुरू हुई साईकिल रैली झण्डाचौक, बदरीनाथ मार्ग से होते हुए सिद्धबली पहुंची। जहां स्वयं सेवकों ने प्रसिद्ध सिद्धबाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस्के बाद रैली ग्रास्टनगंज से होते हुए सनेह पहुंची। जहां स्वयं सेवकों ने सहभोज का आनन्द लिया। तत्पश्चात रैली लालपानी, काशीरामपुर तल्ला से होते हुए झण्डाचौक पहुंची। इस मौके पर जिला बैद्धिक प्रमुख सतीश ने कहा कि आज वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण हमारे लिए एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इस पर रोक लगनी चाहिए। तेजी कट रहे पेड़ों की भरपाई के लिए हमें अधिक से अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही पर्यावरण सुरक्षा को लेकर कदम नहीं उठाये गये तो भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेगें। इस मौके पर नगर प्रचारक आशुतोष, नगर प्रचार प्रमुख राजेश जोशी आदि मौजूद थे।

# अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर भड़की विस अध्यक्ष

**विधानसभा अध्यक्ष ने किया कोटद्वार बेस अस्पताल का निरीक्षण**



कोटद्वार में राजकीय बेस चिकित्सालय का निरीक्षण करती विस अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण सोमवार को अचानक कोटद्वार बेस अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में सफाई सहित अन्य अव्यवस्थाओं पर विस अध्यक्ष भड़क उठी। उन्होंने चिकित्साधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने मरीजों का हाल भी जाना।

नरीक्षण के दौरान विधानसभा अध्यक्ष इमरजेंसी पहुंची। उसके बाद उन्होंने वार्डों में जाकर मरीजों से मुलाकात की। सर्जिकल वार्ड, आईसीयू और डेंगू समेत तमाम वार्डों का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ओपीडी के दौरान डॉक्टर के कक्ष के बाहर लगी भीड़ को देखते हुए अस्पताल प्रशासन को मरीजों को टोकन दिए जाने के निर्देश दिए। कहा कि ओपीडी में आने वाले प्रत्येक मरीज को टोकन दिया जाए जिससे कि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। विधानसभा अध्यक्ष ने बेस अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुमार आदित्य तिवारी से अस्पताल में मेडिकल स्टाफ की संख्या से संबंधित जानकारी ली, साथ ही रिक्त पड़े पदों को भरे जाने संबंधित कार्रवाई को लेकर भी चर्चा की।विधानसभा अध्यक्ष ने अस्पताल प्रशासन को स्वास्थ्य सुविधाएं एवं व्यवस्थाओं को दुरुस्त किए जाने के लिए कई सुझाव एवं आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित अस्पताल के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## शिविर में बनें 35 स्थायी निवास और 23 जाति प्रमाण प्र्त्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर** : देवप्रयाग ब्लॉक के राइंका पलेठी डोब्लयों में देवप्रयाग तहसील की ओर से शिविर आयोजित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के स्थायी व जाति प्रमाण पत्र बनाए गए। छात्र-छात्राओं ने भी शिविर का लाभ उठाया। मौके पर 35 स्थायी निवास और 23 जाति प्रमाण पत्र बनाए गए।

शिविर में राजस्व उपनिरीक्षक रवि जोगिवाल, सुनील शर्मा, मान सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित काला व शिक्षक नरेंद्र तिवाड़ी, पीटीए अध्यक्ष प्रकाश उनियाल ने विद्यालयों में ही छात्रों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की सुविधा दिए जाने पर प्रशासन व सरकार का आभार व्यक्त किया।

# फुटबॉल का फाइनल मैच हल्द्वानी ने जीता



रुद्रपुर। शांतिपुरी के ग्राम जवाहर नगर में सनशाइन क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच सेवन स्टार क्लब हल्द्वानी ने 2–1 से जीत लिया है। सोमवार को प्रतियोगिता का फाइनल मैच सेवन स्टार क्लब हल्द्वानी व सनशाइन क्लब जवाहर नगर के मध्य खेला गया। हल्द्वानी की टीम ने सनशाइन क्लब को कड़ी टक्कर देते हुए 2–1 से मैच जीत लिया। मुख्य अतिथि उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी दीवान सिंह बिष्ट, प्रधान संघ अध्यक्ष दीपा कांडपाल, कांग्रेस जिला महामंत्री मोहन चंद्र पांडे, जिपं सदस्य दीपा प्रेम आर्य, क्षेपं सदस्य लता, संजय पटवाल, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित पूरनलाल वर्मा व बीडीसी सदस्य पंकज कोरंगा आदि ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार बांटे। विजेता टीम को 15 हजार और उपविजेता टीम को आठ हजार का नगद पुरस्कार दिया गया। प्रांजल को मैन ऑफ द सीरीज, हाईएस्ट गोल का पुरस्कार सनशाइन क्लब के अर्जुन लटवाल, गोल्डन बूट का पुरस्कार हल्द्वानी के प्रांजल और लक्की को दिया गया।

## गंगा स्नान पर्व के लिए श्रद्धालुओं का आना शुरु

चम्पावत। टनकपुर के शारदा घाट में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा स्नान पर्व के लिए श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है।

खेतखेड़ा में श्रद्धालुओं को रामायण का अखंड पाठ सुनाकर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शारदा घाट में गंगा स्नान पर्व के लिए भक्तों की भारी–भीड़ उमड़ रही है। शारदा नदी में स्नान के लिए दूर–दूर से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है। गंगा स्नान पर्व के उपलक्ष्य में श्रद्धालु शारदा नदी में विधि–विधान से पूजा–अर्चना करेंगे। खेतखेड़ा गांव में शारदा नदी किनारे टेंट लगाकर पीलीभीत से आए बाबा महंत श्रद्धालुओं को अखंड रामायण पाठ सुनाएंगे।

# विधायक बेहड़ ने सुनी जन समस्याएं



रुद्रपुर। विधायक ने जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकांश का मौके पर निस्तारण किया।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों को गुरुपर्व और गंगा स्नान की बधाई दी। सोमवार को विधायक तिलकराज बेहड़ के समक्ष फरियादियों ने राशन कार्ड, पेंशन, बिजली के बिल, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा की समस्याएं रखी। ग्राम गिद्धपुरी निवासी मनोज कुमार, सुन्दरी देवी, नानकी देवी, पद्मा देवी, दयाल दास, रेवा चंद, दयाल दास बजाज, दौलत राम, भगवान दास ने आवासीय पट्टा दिलवाने की मांग की। यहां भूपेंद्र चौधरी, गुड्डू तिवारी, सुनील ठाकुर, ओमप्रकाश दुआ, गोल्डी मुंजाल, सुनीता कश्यप, एमयू खान, जीवन जोशी रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश

हल्द्वानी। गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान सवाल पूछे जाने पर अधिकारियों की चुप्पी पर भी कमिश्नर ने नाराजगी व्यक्त की। साइट इंजीनियरों के मौके से नदारद होने पर पेयजल निगम के अधिकारियों को ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए।सोमवार को कमिश्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के बहुउद्देशीय हाल व बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि स्टेडियम में 15.10 करोड़ से सिंथेटिक फ्लोरिंग, मेपलवुड फ्लोरिंग का काम होना है। जिसके बाद स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट व स्विमिंग पूल में कई स्पोर्ट्स की गतिविधियां होनी है। उन्होंने निर्माण कार्यों में देरी पर पेयजल निगम के अधिकारियों को फटकारा। निरीक्षण के दौरान इलेक्ट्रिसिटी और सिविल के इंजीनियर मौके से नदारद होने पर ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के रखरखाव को लेकर वह जल्द ही शासन से वार्ता कर इसकी व्यवस्था करवाएंगे। पेयजल निगम के एमडी ओम प्रकाश, मुख्य नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, तहसीलदार सचिन कुमार, विक्रम राणा, कोच कविता बिष्ट मौजूद रहे।

## पुराने कलक्ट्रेट में चलाया हस्ताक्षर अभियान

अल्मोड़ा। तहसील कार्यालय को दोबारा पुराने कलक्ट्रेट से संचालित करने की मांग को लेकर नगर व्यापार मंडल का हस्ताक्षर अभियान जारी है। सोमवार को पूर्व दर्जा राज्य मंत्री और एडवोकेट केवल सती ने पुराने कलक्ट्रेट, मल्ला महल में हस्ताक्षर अभियान चलाया। कहा कि तहसील कार्यालय के शिफ्ट होने से जनता समेत व्यापारी वर्ग को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने मांग करते हुए तहसील कार्यालय को पुराने कलक्ट्रेट से संचालित करने की मांग की। यहां नरेंद्र परिहार, धन सिंह कार्की, भगवान वर्मा, बची सिंह अधिकारी, चंद्र प्रताप, माधव सिंह जीना, एनएस रौतेला, गोपाल राम, प्रताप सिंह सत्याल, भावना जोशी, मुकेश सिंह बिष्ट, त्रिभुवन पांडे, एचएस डांगी आदि मौजूद रहे।

## हिमाचल के चुनावों में सुरक्षा देंगे उत्तराखंड के होमगार्ड

अल्मोड़ा। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों में सुरक्षा व्यवस्था की कमान उत्तराखंड के होमगार्ड भी संभालेंगे। चुनाव ड्यूटी के लिए रानीखेत से 66 होमगार्ड सोमवार को हिमाचल के लिए रवाना हुए। वैतनिक प्लाटून कमांडर देवकी नंदन पांडे और अवैतिक प्लाटून कमांडर त्रिलोक सिंह मतीलिया ने बताया कि हिमाचल चुनाव के लिए रानीखेत से प्लाटून के 66 जवान हिमाचल भेजे गए हैं। होमगार्ड के जवान चुनावों में विभिन्न बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था में योगदान देंगे। होमगार्ड्स की रवानगी के दौरान प्लाटून कमांडर विनोद चंद्र फुलारा, विपिन कुमार, पीएस मोहन चंद्र मठपाल, चंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

# रमेश बहुगुणा के भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर अल्मोड़ा में जश्न



अल्मोड़ा। रमेश बहुगुणा को भाजपा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर अल्मोड़ा में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। सोमवार को चौघानपाटा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की। साथ ही मिठाई वितरण भी किया। बताया कि बहुगुणा लंबे समय से पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं। वह इससे पहले भी जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ललित लटवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद बिष्ट, नगर अध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, जिला उपाध्यक्ष दर्शन रावत, महिपाल बिष्ट, अजय वर्मा, किरन पंत, राधिका जोशी, रमा जोशी, बीना नयाल, पूनम पालीवाल, लता पांडे, प्रेमा मेर, मीना भैसोड़ा, लक्की वर्मा, मनोज जोशी, संजय साह रिख्खू ,अमित साह मोनू, सौरभ वर्मा ,अर्जुन बिष्ट, दीपक वर्मा, हरीश कनवाल, धर्मवीर आर्य, सुनील जोशी, कृष्ण बहादुर सिंह , देवाशीष नेगी, मनीष जोशी, तुषारकांत साह, धर्मवीर आर्य ,चंदन लाल टम्टा, कृपाल सिंह, ललित तिवारी, महेंद्र बिष्ट, मनीष बिष्ट, भुवन बिष्ट, मुकुल कुमार, पीयूष कुमार, नमन गुरुरानी, दीशांत पंवार, जगदीश भट्ट आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने किया ममता हत्याकांड का खुलासा



हल्द्वानी। पुलिसकर्मी की पत्नी ममता की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस के अनुसार एक मजदूर ने लूट के उद्देश्य से हथौड़े से वार कर ममता की हत्या की थी। किच्छा उधमसिंह नगर निवासी आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। सोमवार को बहुउद्देशीय भवन में डीआईजी डॉ. नीलेश आनंद भरणे और एसएसपी पंकज भट्ट ने हत्याकांड का खुलासा किया।

डीआईजी ने बताया कि मुखानी थाने के ठीक सामने कालिका कॉलोनी में बीते गुरुवार को पुलिस कर्मी शंकर बिष्ट की पत्नी ममता बिष्ट की हत्या हुई थी। जिसके बाद से पुलिस की तीन टीमें आरोपी की तलाश में जुटी थीं। हत्या के खुलासे के लिए पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ के अलावा मुखानी और अन्य स्थानों के सीसीटीवी कैमरे खंगाले।जांच में पाया गया कि ग्रिल लगाने का काम करने वाला मजदूर अशरफ उर्फ भूरा (39) पुत्र अब्दुल नवी निवासी किच्छा उधमसिंह नगर गुरुवार दोपहर 11:30 बजे लूट के उद्देश्य से पुलिसकर्मी के घर में घुसा था। ममता के बीच में आने पर हथौड़े से वार कर दिया, जिससे ममता की मौके पर ही मौत हो गई।ममता की हत्या करने के बाद आरोपी लॉकर से ज्वेलरी और तीन हजार रुपये निकालकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को किच्छा में नई बस्ती नूरी मस्जिद के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लूटी गई ज्वेलरी भी बरामद हुई है।पुलिस टीम पर इनामों की बौछारः मामले का खुलासा करने वाली टीम को डीजीपी अशोक कुमार ने एक लाख रुपये, डीआईजी डॉ. नीलेश आनंद भरणे ने 50 हजार, एसएसपी पंकज भट्ट ने 25 हजार, विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत ने 21 हजार और महापौर जोगेंद्र रौतेला ने 11 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

## गलत वरीयता सूचि जारी करने का आरोप

चम्पावत। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से गलत वरीयता सूची जारी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने टनकपुर सीएम कैंप कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से सीएम ज्ञापन भेजा है। सोमवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने ब्लॉक प्रमुख गीता चंद्र के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से सुपरवाइजर के 126 पदों के लिए आवेदन ऑनलाइन विभागीय पोर्टल से आमंत्रित किये गए थे। जिसमें निदेशालय ने अर्ह अभ्यर्थियों की सूची जारी की है।

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स, सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रतियोगिता शुरू

बागेश्वर। शिक्षा विभाग के तत्वावधान में यहां दो दिवसीय जिला स्तरीय एथलेटिक्स, सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रतियोगिता शुरू हो गई है। 800 मीटर की दौड़ में सुहानी व 100 मीटर में कोमल ने सभी को पछाड़ा। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि आज खेलों में भी सुनहरा भविष्य छिपा है। खेलों को सभी खिलाड़ी गंभीरता से लें। डिग्री कॉलेज खेल मैदान में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में डीएम ने कहा कि जो खिलाड़ी जितना अनुशासित रहेगा, उसका प्रदर्शन उतना बेहतर होगा। सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ मैदान में उतरने की नसीहत दी। विशिष्ट अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने कहा कि जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत बेहतर मंच की है। मुख्य शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सोन ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इसके बाद 800 मीटर की दौड़ आयोजित हुई। राबाइंका की सुहानी आर्या ने प्रथम, राइंका कपकोट की तनुजा दानू द्वितीय तथा राउमावि उतरौड़ा की बबीता जोशी तृतीय स्थान पर रही। 100 मीटर की दौड़ में राउमावि गडेरा की कोमल प्रथम, राबाइंका पुरड़ा की निकिता द्वितीय तथा राइंका कन्यालीकोट की प्रियंका गड़िया तृतीय स्थान पर रही।

## राज्यपाल पुरस्कार जांच शिविर का रंगारंग आगाज

बागेश्वर। राजकीय प्राथमिक विद्यालय गागारीगोल में भारत स्काउट गाइड का राज्यपाल पुरस्कार जांच शिविर शुरू हो गया है। पांच दिवसीय शिविर में जिले के 99 स्काउट और गाइड प्रतिभाग कर रहे हैं। शुभारंभ करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश्वरी मेहता ने कहा कि स्काउट गाइड की भावना के अनुरूप सभी बच्चे शिविर में सक्रिय प्रतिभाग करें। उन्होंने बच्चों से अनुशासन में रहकर शिविर के नियमों का पालन करने को कहा। पूर्व प्रधानाचार्य नंदन अल्मिया ने कहा कि स्काउट स्वयंसेवा की भावना को विकसित करने का आंदोलन है। शिविर संयोजक महाविद्यालय के प्राचार्य अवदेश तिवारी ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।उल्लेखनीय है कि बागेश्वर जनपद में पहली बार राज्यपाल जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिन तक चलने वाले इस शिविर में स्काउट गाइड द्वारा साल भर लिए कार्यों की जांच की जाएगी और परीक्षा के आधार पर राज्यपाल पुरस्कार के लिए बच्चों का चयन किया जाएगा। परीक्षा और जांच के लिए लीडर ऑफ़ इक्जामिनेशन गिरीश चंद्र पांडे और प्रेमा भट्ट की नियुक्ति प्रदेश स्तर से की गई है। शिविर में संगठन आयुक्त राजेंद्र पूना, प्रशिक्षण आयुक्त भुवन डसीला, परीक्षक प्रकाश जोशी, सतीश कांडपाल, मंजू होलारिया और मंजू बिष्ट स्काउट गाइड की लॉग बुक की जांच करेंगे।

शुभारम्भ के अवसर पर शिविरार्थियों को डॉ. हेम दुबे, वृक्ष मित्र किशन मलडा, स्काउट के जिला सचिव लक्ष्मण कोरंगा, कोषाध्यक्ष नीरज पंत, बागेश्वर ब्लॉक सचिव विपिन कर्नाटक, हेमवंती मेहता, दीप पाण्डेय, जगदीश मेहता और नंदी रावत ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान हंसी शाह और संचालन देवेंद्र मेहता ने किया।

## अवैध शराब समेत अन्य मामले में तीन का चालान

रुद्रपुर। पुलिस ने अभियान चलाकर तीन लोगों को 60 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर चालान काटा। थानाध्यक्ष ने बताया अभियान के तहत प्रफुल्लनगर के कृष्णपद सरकार, खानपुर मुड़िया निवासी महेंद्र सिंह और दुर्गापुर नंबर एक निवासी ज्ञान सिंह को 20–20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

इसके अलावा शांति भंग करने के आरोपी मदपूरी निवासी ओमप्रकाश को गिरफ्तार करके उप जिलाधिकारी के समक्ष पेश किया गया। जहां से उस पर पाबंदी की कार्रवाई की गई।

# पुरातत्व विभाग बालेश्वर मंदिर में लगाएगा फोटो प्रदर्शनी

चम्पावत। राज्य स्थापना दिवस के मौके पर चम्पावत के प्रसिद्ध बालेश्वर मंदिर में पुरातत्व विभाग फोटो प्रदर्शनी लगाएगा। यहां लोगों को तमाम प्रकार के पुरातात्विक स्मारकों का दीदार कराया जाएगा। पुरातत्व विभाग देहरादून के अधीक्षण पुरातत्वविद मनोज कुमार सक्सेना ने बताया कि बालेश्वर मंदिर में नौ नवंबर को फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें पुरातत्व विभाग की ओर से देश व प्रदेश के संरक्षित पुरातात्विक स्मारकों की फोटो और उनसे संबंधित जानकारी लोगों को दी जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि इस मौके पर पूर्वजों के समय से घरों में स्थापित धरोहरों को भी लोग संरक्षण के लिए जमा करवा सकते हैं। जिसके लिए रजिस्ट्रेशन निशुल्क रहेगा।

उन्होंने बताया कि तांबे की मूर्तियां, ताम्रपत्र समेत किसी भी प्रकार की धरोहरों को इसमें शामिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन धरोहरों को एएसआई को सौंपा जाएगा। जिसके बाद इन्हें नहीं पहचान दिलाने के प्रयास किए जाएंगे। सक्सेना ने बताया कि एक बार रजिस्टर्ड हो चुकी धरोहर को देश के बाहर ले जाना अवैध माना जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य स्थापना दिवस पर लगने वाले फोटो प्रदर्शनी के लिए टीम मंगलवार को चम्पावत पहुंच जाएगी।

# सेवा विस्तार की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



बागेश्वर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संगठन ने कोविड काल के दौरान हुई घोषणा पूरी नहीं होने से नाराज है। उन्होंने सेवा विस्तार की मांग को लेकर जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने पर भी नाराजगी जताई। जिलाधिकारी के माध्मय से सरकार को भी मांग पत्र भेजा। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। सेवा विस्तार की मांग को लेकर आउटसोर्स नर्सिंग लैब टेक्निशियन मुखर होने लगे हैं। कर्मचारियों ने सोमवार को प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने कहा कि कोरोनाकाल में उन्हें दस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि एकमुश्त देने की घोषणा की गई थी। लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। मुख्यमंत्री ने कोविड काल में लगे कर्मचारियों का सेवा विस्तार किया। लैब टैक्निशियनों का विस्तार अभी तक नहीं हो सका है। कपकोट अस्पताल में 13 कर्मचारी हैं। उनकी कोई सुध नहीं ले रहा है। बताया कि जिले में 14 और 15 नवंबर को आउटसोर्सिंग कंपनी ने साक्षात्कार आयोजित किया है।

# भाजपा के नए जिलाध्यक्ष माहरा का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया



चम्पावत। चम्पावत भाजपा के जिलाध्यक्ष बनने पर निर्मल माहरा का पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिला पार्टी कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में माहरा ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी को मजबूती प्रदान करने की बात कही। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है।

सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सभी जिले के जिलाध्यक्षों की घोषणा की। इसमें चम्पावत जिले की कमान युवा और पूर्व ब्लॉक प्रमुख बाराकोट व पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा को सौंपी गई है। जिला भाजपा कार्यालय में हुए कार्यक्रम में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष माहरा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व और पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से दी गई जिम्मेदारी का वह निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की जनहित की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर युवा मुख्यमंत्री के सपने को साकार करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व दर्जा मंत्री हयात माहरा, श्याम पांडेय, देवीदत्त जोशी, रामदत्त जोशी, शंकर पांडेय, शंकर खाती, मुकेश महराना, हरीश मिश्रा, दलीप महर, सतीश पांडेय, कैलाश अधिकारी, प्रकाश तिवारी, सुंदर बोहरा, गुमान बोहरा, कैलाश पांडेय, गौरव पांडेय, शांति अधिकारी, राजू नरियाल, कमल रावत, नंदाबल्लभ कापड़ी, निर्मला अधिकारी, रोहित बिष्ट, विकास शाह आदि रहे।

**माहरा के जिलाध्यक्ष बनने पर जताई खुशी**

लोहाघाट। बाराकोट के पूर्व ब्लॉक प्रमुख और पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा के भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। सोमवार को लोनिवि के विश्राम गृह परिसर में नगर मंडल अध्यक्ष महेश बोहरा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी डॉ. प्रेम सिंह राणा ने राज्य स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करके कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। यहां नगर पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा, श्याम ढेक, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हयात सिंह माहरा, सतीश पांडेय, सुभाष बगौली, राम दत्त जोशी, निर्मला अधिकारी, नरेश करायत, मोहन पाटनी, भुवन भट्ट, दीपक जोशी आदि रहे।

**निर्मल के जिलाध्यक्ष बनने पर बनबसा में भी खुशी**

बनबसा। पूर्व ब्लॉक प्रमुख निर्मल माहरा के चम्पावत जिलाध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने खुशी व्यक्त की है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने सुनी जन समस्याएं

### जनता को दिया समस्याओं के निराकरण का आश्वासन


कोटद्वार में जन समस्याओं को सुनती विस अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूडी भूषण ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान वार्ड नंबर 28, 21 एवं 3 के अन्तर्गत निंबूचौड़, पदमपुर व सनेह में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनी। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने कुछ समस्याओं का निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित किया। वहीं शेष अन्य समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया विधानसभा अध्यक्ष ने वार्ड नंबर 28, 21 एवं वार्ड नंबर 3 में पहुंच कर क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने क्षेत्र की सड़क, बिजली, पानी आदि समस्याओं का संज्ञान लिया। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष ने निंबूचौड़ में पतंजलि महिला योग समिति के सदस्यों से भी बातचीत की एवं उनकी समस्याओं को भी जाना।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जनसेवा और विकास मेरे राजनीतिक जीवन का मूलमंत्र है। इसी के सहारे अपने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी। कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर सबसे अग्रणी रखना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विकास के लिए शिक्षा ,सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पानी की व्यवस्था जरूरी है. जिसके लिए वो हर संभव प्रयास कर रही हैं। कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य आम लोगों की सेवा करना तथा सभी प्रकार की सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याकारी गतिधियों का लाभ हर वर्ग के हर आम आदमी तक पहुंचाना है। इस अवसर पर प्रमोद कोटनाला, हयात सिंह, आराधना देवरानी, मंजू जखमोला, पार्षद कुलदीप रावत, पार्षद मीनूबाला खंतवाल, गायत्री भट्ट, शोभा रावत, विकास देवरानी, आशा रावत, लक्ष्मी रावत, अमित भारद्वाज, मनोज कुंडलिया, अमित नेगी, अनिरुद्ध ध्यानी, पार्षद धीरज सिंह, मदन सिंह चौहान, हेमा जखमोला, इंदु देवी, गोपाल दत्त जखमोला, जयपाल सिंह नेगी, संजय पंथवाल, केशर सिंह, महानंद ध्यानी, जसवंत रावत, प्रेमलता सेमवाल, सतीश गौड़, गुलाब नेगी, योगंबर रावत, अनिल बहुगुणा, कुलदीप अग्रवाल, विपुल उनियाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 18 वर्ष से अधिक के लोग मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 जनवरी, 2023 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जनपद के समस्त नागरिकों/मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी, 2023 की अर्हता तिथि के आधार पर जनपद की यमकेश्वर, पौड़ी, श्रीनगर, चौबट्टाखाल, लैंसडौन, कोटद्वार की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का 9 नवम्बर 2022 को आलेख्य प्रकाशन किया जा रहा है।जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष कुमार चौहान ने बताया कि प्रत्येक बीएलओ 9 नवंबर से 8 दिसंबर 2022 तक तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष अभियान की तिथियों 19 व 20 नवंबर एवं 3 व 4 दिसंबर को भी अपने-अपने मतदेय स्थलों पर पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 5 तक उपस्थित रहेंगें। जिलाधिकारी ने बताया कि ऐसे सभी भारतीय नागरिक जिन्होंने 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष या उससे अधिक की आयु पूर्ण कर ली हो, के नाम फोटोयुक्त विधान सभा निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज करने हेतु प्रारूप–6 (रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो, पते एवं आयु के प्रमाण पत्र की छाया प्रति सहित), सूची में अंकित नाम हटाने हेतु प्रारूप-7, मतदाता सूची में फोटो पहचान पत्र में अंकित प्रविष्टि को शुद्ध करने, खोये हुये पहचान पत्र को पुनः निःशुल्क बनाने, उसी विधान सभा में एक मतदेय स्थल से दूसरे मतदेय स्थल में अथवा एक विधान से दूसरे विधान सभा में शिफ्ट करने हेतु प्रारूप-8 पर अपना आवेदन, अपने से संबंधित मतदेय स्थल पर जाकर बीएलओ के पास जमा करा सकते हैं।

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : भाजपा की नवनियुक्त महिला जिलाध्यक्ष सुषमा रावत का जिला कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण और मिठाई बांटकर स्वागत किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुषमा रावत ने कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओ का आभार जताते हुए पार्टी संस्थापकों के चित्रों पर माल्यार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने पार्टी हाईकमान का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा के साथ पालन किया जाएगा। सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट करते हुए संगठन को मजबूत किया जाएगा। सुषमा रावत साल 1990 से पार्टी से जुड़ी हुई है। वह पार्टी में कई अहम पदों पर रह चुकी हैं। सुषमा रावत 2021 में राज्यमंत्री भी रह चुकी हैं।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, लक्सर जनपद-हरिद्वार

पत्रांक 23/ दाखिल खारिज/ 2022-23 दिनांक 23-08-22

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस निकाय में प्रार्थी श्री सतेन्द्र कुमार पुत्र श्री जगपाल सिंह नि0 ग्राम खेडी मुबारिकपुर-लक्सर हाल नि0 वार्ड नं0 11 मौ0 केशव नगर- लक्सर ने कस्बा लक्सर में स्थित एक भवन स्थित वार्ड नं0 11 मौ0 केशव नगर - लक्सर में पूर्ण कर लिया है जिसको प्रार्थी ने भवनकर अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों (शपथ पत्र, पंजीकृत बैनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र व सहमति पत्र) के साथ प्रस्तुत किया है। वर्तमान में उक्त सम्पत्ति नगर पालिका परिषद लक्सर के भवनकर अभिलेखों में दर्ज नहीं है।

अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त दावें/प्रार्थना पत्र पर आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति एवं ठोस साक्ष्यों एवं दस्तावेजों के साथ नगर पालिका परिषद, लक्सर के कार्यालय में दाखिल कर सकता है। कालांकित आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**
**जनपद –हरिद्वार।**

# भजन संध्या में शिव जागर और हनुमंत बलवीरा पर झूमे लोग

जयन्त प्रतिनिधि।श्रीनगर : बैकुंठ चतुर्दशी पर्व पर शिव भजनों व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रीनगर में धूम रही। नगर पालिका अध्यक्ष पूनम तिवाड़ी के प्रयासों से आयोजित भजन संध्या में पूर्व में श्रीनगर के सितारे रह चुके कलाकारों एवं अन्य स्थानीय कलाकारों की ओर से बेहतरीन भजन, गीतों एवं नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। जिसको देखने के लिए लोग देर रात तक पांडाल में डटे रहे।

रविवार रात को कमलेश्वश्वर स्थित सीतापुर अस्पताल के समीप आयोजित भजन संध्या का आयोजन संगीत निर्देशक वीरेंद्र रतूड़ी के निर्देशन में हुआ। इसका शुभारंभ श्रीनगर के सितारे ऋषि कुमार ने गणेश वंदना के साथ किया। दीपांशु गुप्ता ने भगवान राम का भजन, शालिनी बहुगुणा ने बाला भगवान, प्रमोद ने शिव जागर, भानेश असवाल ने हनुमंत बलवीरा, वसुधा गौतम ने भोले बाबा जागर, श्रुति रतूड़ी ने श्रीराम भजन की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत पक्ष में पैड पर संजय पांडेय, ढोलक पर पंकज शाह, तबले पर योगेश कुमार, की-बोर्ड पर अनिरुद्ध नवानी, बैसेज पर वैभव गौतम, एकोस्टिक पर पंकज कोहली ने संगत दी। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णानंद मैठाणी ने भजन संध्या के आयोजन पर पालिका अध्यक्ष पूनम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पालिका और निगम के बीच चल रहे द्वंद के बावजूद उनका प्रयास सराहनीय है। पालिका अध्यक्ष पूनम तिवाड़ी ने कहा कि वह पूर्व की तरह मेला आयोजित करवाना चाहती थी, लेकिन प्रशासन व शासन की ओर से ठोस सहयोग न मिलने के कारण मेले का आयोजन नहीं हो पाया। कहा कोर्ट से उनके पक्ष में यदि फैसला आया तो वह बैकुंठ नाम से आगे जरूर मेले का आयोजन करवाएंगी।

# निर्माण कार्यों के दौरान श्रमिकों के सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम करें : डीएम

### भविष्य टनल प्रद्यौगिकी की सम्भावनाओं से भरा पड़ा

**जयन्त प्रतिनिधि।**


जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान रेलवे विकास निगम लिमिटेड के कार्यो की समीक्षा करते हुए।

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलक्ट्रेट सभागार में जनपद क्षेत्रांतर्गत रेलवे विकास निगम लिमिटेड के कार्यो की समीक्षा करते हुए कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिये। टनल प्रद्यौगिकी की सबसे उन्नत मशीनों से टनल के निर्माण कार्यों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने रेलवे के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद के तकनिकी शिक्षण संस्थानों में शिक्षणरत्त छात्रों को टनल प्रद्यौगिकी का क्रेश कोर्स/प्रशिक्षण की शीघ्र ही रुपरेखा तैयार करें। जिलाधिकारी ने कहा कि रेलवे निर्माण कार्यों के दौरान श्रमिकों के सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम करें।

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेललाईन परियोजना के तहत जनपद क्षेत्रांतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि भविष्य टनल प्रद्यौगिकी की सम्भावनाओं से भरा पड़ा है।

टनल प्रद्यौगिकी के विशेषज्ञ देश भर में विरले ही मिल पाते है। इस कड़ी में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेललाईन परियोजना जनपद सहित प्रदेश के अन्य तकनिकी शिक्षा के छात्रों के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। जिलाधिकारी ने रेलवे व एनआईटी सुमाड़ी, जीबी पंत प्रद्यौगिकी कॉलेज घुडदौड़ी, पॉलीटेक्निक पौड़ी व आईटीआई पौड़ी के प्रबंधकों/हेड को निदेश दिये कि शिक्षणरत्त तकनिकी छात्रों को टनल प्रद्यौगिकी का क्रेश कोर्स/प्रशिक्षण करवाने के लिए शीघ्र ही एक मसौदा तैयार करें ताकि इस अपार सम्भवना को अवसर में बदला जा सके। ढुंगरीपंथ के प्रभावितों के लम्बित 13 करोड़ के प्रतिकर के भुगतान को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन प्रभावितों को प्रतिकर का भुगतान नहीं किया गया है उनका प्राथमिकता के आधर पर भुगतान करें। इस अवसर पर एजीएम विजय डंगवाल, रेलवे प्रबंधक पीपी बडोगा सहित विनोद, राहुल व अन्य उपस्थित थे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, लक्सर जनपद-हरिद्वार

पत्रांक 27/ दाखिल खारिज/ 2022-23 दिनांक 23-08-22

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस निकाय में प्रार्थी श्री रजत चौधरी पुत्र श्री ओमकार सिंह नि0 वार्ड नं0 5 मौ0 लक्सरी - लक्सर ने कस्बा लक्सर में एक भवन स्थित वार्ड नं0 05 मौ0 लक्सरी, तहसील - लक्सर में पूर्ण कर लिया है जिसको प्रार्थी ने भवनकर अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों (शपथ पत्र, व पंजीकृत बैनामा/खतौनी) के साथ प्रस्तुत किया है। वर्तमान में उक्त सम्पत्ति नगर पालिका परिषद लक्सर के भवनकर अभिलेखों में दर्ज नहीं है।

अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त दावें/प्रार्थना पत्र पर आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति एवं ठोस साक्ष्यों एवं दस्तावेजों के साथ नगर पालिका परिषद, लक्सर के कार्यालय में दाखिल कर सकता है। कालांकित आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**
**जनपद –हरिद्वार।**

# शिविर में किया समस्याओं का निस्तारण

**जयन्त प्रतिनिधि।**


मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी अकरम अली का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

पौड़ी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल द्वारा रविवार को अटल आदर्श उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज कण्डारा परिसर में नालसा द्वारा चलाये जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं हेतु बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में राजस्व विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, उद्योग विभाग, स्वजल विभाग, जिला पूर्ति विभाग, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा कैम्प लगाकर आमजनता की समस्याओं का निस्तारण किया गया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पौड़ी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी अकरम अली द्वारा शिविर का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि आमजनमानस की समस्याओं का निस्तारण हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है

। क्षेत्र के लोगों को इस तरह के शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करते हुए अपनी समस्याएं सम्बंधित विभागों के पास रखनी चाहिए, जिससे मौके पर ही उन समस्याओं का निस्तारण किया जा सकेगा। शिविर में कृषि विभाग के स्टॉल पर 25, समाज कल्याण विभाग 12, पशुपालन 9, राजस्व विभाग 9, ग्राम विकास विभाग 6, स्वास्थ्य विभाग 21, बाल विकास विभाग 12, समस्याओं का निराकरण किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग के स्टाल पर 9 लोगों को कोविड वेक्सीन भी लगायी गयी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आकाश जोशी, जिला विकास अधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेन्द्र चौधरी, पुलिस उपाधिक्षक प्रेम लाल टम्टा, खंड विकास अधिकारी शिव सिंह भंडारी, प्रधानाचार्य चन्द्र शेखर नौटियाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# छात्र हित एवं शैक्षिक उन्नयन सर्वोपरी : संघ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड जनपद टिहरी कार्यकारिणी की प्रथम बैठक जिला अध्यक्ष दिलवर सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान कार्यकारिणी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी टिहरी एलएम चमोला से भेंट की तथा छात्र हित एवं शैक्षिक उन्नयन को सर्वोपरी रखते हुए कार्य करने का भरोसा दिया।मुख्य शिक्षा अधिकारी चमोला ने भी शिक्षकों के प्रकरणों को त्वरित गति से निस्तारित करने को लेकर संगठन को आश्वस्त किया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य शिक्षा अधिकारी के समक्ष उपार्जित अवकाश, शैक्षिक अभिवृद्धि, चयन/प्रोन्नत वेतनमान सहत अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को रखा। इस मौके पर एलटी से प्रवक्ता पदोन्नति, यात्रावकाश आदि बिंदुओं को आगामी प्रांतीय बैठक में रखने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में जिला कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। जिसमें आनंद सजवाण को कोषाध्यक्ष, मानेंद्र सिंह, प्रदीप उनियाल व जगरोशन शर्मा को प्रवक्ता, धनदेव सिंह व दीपक बहुगुणा को कार्यालय मंत्री तथा विनोद मलासी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में नव निर्वाचित कार्यकारिणी के जनपदीय मंत्री डा. बुद्धि प्रकाश भट्ट, उपाध्यक्ष हितेंद्र प्रवार, संगठन मंत्री सुनील कंडारी के ब्लॉकों के अध्यक्ष एवं मंत्री शामिल रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, लक्सर जनपद-हरिद्वार

पत्रांक 286/ दाखिल खारिज/ 2022-23 दिनांक 07-11-22

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस निकाय में आवेदक श्रीमती चरणजीत कौर पत्नी श्री बलदेव सिंह नि0 वार्ड नं0 3 मौ0 शिवपुरी - लक्सर ने कस्बा लक्सर में एक भवन स्थित सम्पत्ति सं0 378 स्थित वार्ड न0 03 मौ0 शिवपुरी-लक्सर को विक्रय पत्र से क्रय कर लिया है जिसको आवेदक ने भवनकर अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों (शपथ पत्र व विक्रय पत्र) के साथ प्रस्तुत किया है। वर्तमान में उक्त सम्पत्ति श्री रामपाल सिंह पुत्र श्री परशुराम के नाम भवनकर अभिलेखों में दर्ज है।

अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त दावें/प्रार्थना पत्र पर आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति एवं ठोस साक्ष्यों एवं दस्तावेजों के साथ नगर पालिका परिषद, लक्सर के कार्यालय में दाखिल कर सकता है। कालांकित आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**
**जनपद –हरिद्वार।**

# मेले हमारी संस्कृति की पहचान एवं धरोहर : शैला रानी

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि में मंदाकिनी शरदोत्सव एवं कृषि एवं औद्योगिक विकास मेले का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आगाज हो गया है। मेले के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक केदारनाथ श्रीमती शैला रानी रावत ने कहा कि मेले एवं महोत्सव हमारी संस्कृति की पहचान एवं धरोहर हैं, जिसके माध्यम से आपसी मेलजोल के साथ ही भाईचारा भी बढ़ता है वहीं दूसरी ओर सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर आम जन मानस को उपलब्ध होती हैं। उन्होंने कहा कि मेले एवं त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान हैं इसके संरक्षण के लिए इस तरह के आयोजन किए जाने आवश्यक हैं ताकि आने वाली पीढी भी इनका अनुसरण कर आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य कर सके। पहले दिन तीनों विकासखंडों के ओपन पुरुष वर्ग में बॉलीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।सोमवार को मेले का शुभारंभ केदारनाथ विधायक श्रीमती शैला रानी रावत द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा विकास परक योजनाओं के स्टॉलों का शुभारंभ कर निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने कहा कि अगस्त्यमुनि मंदाकिनी शरदोत्सव एवं कृषि विकास मेले के माध्यम से स्थानीय लोगों को भी अपने उत्पादों को इस मेले में कई महिला समूह द्वारा भी अपने स्टॉल लगाए गए हैं, जिससे उनके उत्पादों की बेहतर बिक्री होगी तथा उन्हें एक नई पहचान के साथ–साथ उनकी आर्थिकी भी मजबूत होगी। इसी दिशा में सरकार मेले एवं त्योहारों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर कृषि, उद्यान, पशुपालन, स्वजल, वन विभाग, चिकित्सा विभाग, बाल विकास, विद्युत, सैनिक कल्याण, डेयरी, राजस्व, शिक्षा, उद्योग, मत्स्य, सहकारिता सहित विभिन्न जनपदों से आई महिला समूहों एवं विभिन्न जनपदों से आए उद्यमियों ने अपने स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पंचायत अगस्त्यमुनि श्रीमती अरुणा बेंजवाल, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ श्रीमती श्वेता पांडेय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चंडी प्रसाद भट्ट, बाचस्पति सेमवाल, पंकज भट्ट, पृथ्वीपाल सिंह, सुरेंद्र मोगा, मेला समिति के संयोजक विक्रम नेगी, महासचिव हर्षवर्धन बेंजवाल सहित जन प्रतिनिधि एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए मेलार्थी उपस्थित रहे।

# नेहा बहुगुणा दौड़ी सबसे तेज


श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल श्रीनगर में आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर गढ़वालः श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल श्रीनगर गढ़वाल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के पांचवें दिन सीनियर वर्ग की खेल प्रतियोगिताएं प्रारम्भ हुई। इसमें 800 मीटर की रेस में नेहा बहुगुणा प्रथम, प्रतीक्षा मेवाड़ द्वितीय और निकिता पुंडीर तृतीय रहीं।

कक्षावार खड़ी–लम्बीकूद की प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में कक्षा 9 से मेघा राणा, रश्मि चंदोला, खुशी उनियाल, कक्षा–10 से करीना बिष्ट,सानिया नेगी, अनुष्का सिंह , कक्षा–11 से जानकी रावत , शृष्टि गार्गी , हिमानी रावत और कक्षा–12 से शिवानी रावत,प्रतीक्षा मेवाड़ रवीना भंडारी क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर विजयी रहे।

वहीं बालक वर्ग में कक्षा–9 से अंशुल सिंह, शिवम् पँवार,शिवांशु रावत , कक्षा–10 से उदित शर्मा, सचिन नेगी, वंश कण्डारी, कक्ष–11 से प्रियांशु चंद्र, आदित्य डुकलान, रोहित चंद्र और कक्षा–12 से अंशुल पुण्डीर, अमन पँवार तथा सूरज नेगी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। अन्य प्रतियोगितओं में चयन प्रक्रिया तथा लीग मैच कराये गए जिनका परिणाम अभी आना बाकी है। पांचवें दिन के खेल प्रतियोगिताओं की समाप्ति पर प्रधानाचार्य दान सिंह बिष्ट ने आगे के दिनों के लिए सही से तैयारी और खेल भावना के अनुरूप खेलों को जीवन का अभिन्न अंग मानते हुए खेलने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर सुनीता बिष्ट, बैडमिंटन के लिए प्रभारी प्रभाकर पंत, नीरज कंडवाल, बलबीर सिंह रावत, महेंद्र सिंह नेगी, रणजीत सिंह रावत, देवेंद्र भट्ट, महेंद्र सिंह जग्गी, संगीता रावत, अंजना मैठाणी आदि मौजूद रहे।

## महाराज 9 को हिमाचल में करेंगे चुनावी सभा

देहरादून। प्रदेश के काबीना मंत्री सतपाल महाराज 9 नवम्बर को हिमाचल में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के प्रचार में आयोजित होने वाले चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज 9 नवंबर को हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में रोहडू (शिमला) से भाजपा प्रत्याशी शशीबाला और रामपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) कोटद्वार गढ़वाल**
**उत्तराधिकार वाद संख्या–25/2022**
**हरीश सिंह आदि**
**बनाम**
**आम जनता आदि**

समन बनाम्- आम जनता, विकास खण्ड-द्वारीखाल तहसील कोटद्वार जिला पौडी गढवाल।

हरगाह प्रार्थिनी ने एक वाद वास्ते चाहने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मेरे न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसमें दिनांक 14/12/22 की तिथि नियत है।

अतः आपको आम जनता को आदेशित किया जाता है कि यदि किसी आमजन को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति दिनांक 14/12/22 को इस न्यायालय के समक्ष पेश करे अन्यथा मामले में एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 05/11/22 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर न्यायालय द्वारा जारी

**सिविल जज सी0डि0**
**कोटद्वार गढवाल**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, लक्सर जनपद-हरिद्वार

पत्रांक 24/ दाखिल खारिज/ 2022-23 दिनांक 23-08-22

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस निकाय में प्रार्थी श्री सुमित कुमार पुत्र श्री जसवीर सिंह नि0 ग्राम हुसैनपुर- लक्सर हाल नि0 वार्ड नं0-04 मौ0 शिवपुरी पूर्वी - लक्सर ने कस्बा लक्सर में स्थित एक भवन स्थित वार्ड नं0-04 मौ0 शिवपुरी पूर्वी - लक्सर में पूर्ण कर लिया है जिसको प्रार्थी ने भवनकर अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों (शपथ पत्र, व पंजीकृत बैनामा) के साथ प्रस्तुत किया है। वर्तमान में उक्त सम्पत्ति नगर पालिका परिषद लक्सर के भवनकर अभिलेखों में दर्ज नहीं है।

अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त दावें/प्रार्थना पत्र पर आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति एवं ठोस साक्ष्यों एवं दस्तावेजों के साथ नगर पालिका परिषद, लक्सर के कार्यालय में दाखिल कर सकता है। कालांकित आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**
**जनपद हरिद्वार।**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, लक्सर जनपद-हरिद्वार

पत्रांक 262/ दाखिल खारिज/ 2022-23 दिनांक 03-11-22

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस निकाय में प्रार्थी चॉदमल पुत्र श्री भिक्कन लाल नि0 लाल नि0 वार्ड नं0 01 मौ0 अम्बेडकर नगर - लक्सर ने कस्बा लक्सर में एक भवन स्थित सम्पत्ति सं0 258 स्थित वार्ड नं0 01 मौ0 अम्बेडकर नगर - लक्सर को अपनी पत्नी का मृत्यु उपरान्त भवनकर अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों (शपथ पत्र, विक्रय पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र) के साथ प्रस्तुत किया है। वर्तमान में उक्त सम्पत्ति श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री चॉदमल के नाम भवनकर अभिलेखों में दर्ज है।

अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त दावें/प्रार्थना पत्र पर आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति एवं ठोस साक्ष्यों एवं दस्तावेजों के साथ नगर पालिका परिषद, लक्सर के कार्यालय में दाखिल कर सकता है। कालांकित आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**
**जनपद –हरिद्वार।**

सम्पादकीय

# गरीब सवर्णों को राहत

गरीब तबके को आरक्षण के मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने आज एक बड़ा फैसला देते हुए आर्थिक रूप से कमजोर स्वर्ण वर्ग को 10ः आरक्षण देने के लिए सहमति दे दी है। यह मामला अदालत में तब गया था जब आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए केंद्र सरकार ने संविधान में 103वां संशोधन किया था। इसकी वैधता को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। पांच जजों की पीठ ने 27 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। स्वर्ण वर्ग को आरक्षण देने के मसले को अदालत तक खींच कर ले जाना काफी हद तक रहा क्योंकि जहां पहले अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को जातीय आधार पर आरक्षण दिया जा रहा है वही आर्थिक तंगी के आधार पर आरक्षण पर सवाल उठाए गए। फैसले को लेकर भी टी न्यायाधीश आरक्षण देने पर सहमत थे जबकि दो ने स्वर्ण वर्ग को आरक्षण देने का विरोध किया। बेहद हैरान कर देने वाला है कि जहां आज भी आर्थिक रूप से संपन्न होने के बावजूद भी कई लोग आरक्षण का लाभ ले रहे हैं तो वही गरीबी से जूझ रहे गिनती के लोगों को आरक्षण का लाभ लेने मैं बाधाएं खड़ी की गई। क्या गजब है कि याचिकाकर्ता अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग नगर गली को आरक्षण मिलने के बावजूद आर्थिक आधार पर भी इस वर्ग को आरक्षण में स्थान देने का समर्थन कर रहे थे। हालांकि सरकार की ओर से रखे गए पक्ष में स्पष्ट कहा गया कि आर्थिक रूप स कमजोर स्वर्ण वर्ग को समानता का दर्जा दिलाने के लिए ये व्यवस्था जरूरी है। केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि इस व्यवस्था से आरक्षण पा रहे किसी दूसरे वर्ग को नुकसान नहीं है। 50ः की जो सीमा कही जा रही है, वो कोई संवैधानक व्यवस्था नहीं है, ये सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से आया है। ऐसे में ये कहना गलत होगा कि इसके परे जाकर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। खुशी की बात यह है कि आर्थिक आधार पर ये आरक्षण आगे भी लागू रहेगा। भारत में आजादी के बाद जातीय आधार पर सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था की गई थी जिसे बाद में शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया गया। हालांकि इस व्यवस्था को एक खास समय के लिए लागू किया गया था लेकिन बाद में राजनीति का इसमें इस प्रकार से समावेश हुआ कि सरकारों ने इसे अपना वोट बैंक बनाते हुए इसे संवैधानिक तौर पर ही लागू कर दिया और आज देश में 50ः आरक्षण की व्यवस्था चल रही है। आरक्षण की इस नीति से देश की कई होनहार प्रतिभाओं का हनन होता है और समय के साथ अब यह भी मांग उठने लगी है कि आरक्षण को पूरी तरह से समाप्त कर नौकरियों एवं अन्य क्षेत्रों में एक समान व्यवस्था लागू कर दी जाए। इतना अवश्य है कि आर्थिक आधार पर आरक्षण की व्यवस्था की जा सकती है जिसमें सामान्य वर्ग से लेकर सभी वर्ग के लोगों को शामिल किया जा सकता है। आरक्षण की व्यवस्था समाज में असमानता को समाप्त करने के लिए शुरू की गई थी लेकिन आज यही आरक्षण समाज में खाई पैदा करने का भी काम कर रहा है। आरक्षण का मुद्दा पूरी तरह से राजनीतिक है और चाह कर भी इसे समाप्त करना किसी सरकार के बूते की बात नहीं रह गई है।

# पुल गिरने के लिए बनते हैं!

**यह यह हैंगिंग यानी झूलता हुआ पुल था, जो आमतौर पर पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में बनाया जाता था। अंग्रेजी राज में 1887 में जब यह पुल बना था तब बताया जा रहा है कि एक समय में इस पर 15 लोगों के जाने की इजाजत थी और जिस दिन हादसा हुआ उस दिन पुल पर चार सौ या उससे ज्यादा लोग थे! क्या इसके लिए सिर्फ टिकट क्लर्क जिम्मेदार ठहराया जाएगा? पुल के रखरखाव का काम अरेवा नाम की जिस कंपनी को दिया गया था उसका मुख्य काम घरों में काम आने वाले छोटे छोटे इलेक्ट्रनिक आइटम बनाने का है। क्या ऐसी कंपनी को ठेका देने के लिए कंपनी के छोटे कर्मचारी जिम्मेदार हैं? छह महीने की मरम्मत के बाद कंपनी ने फिटनेस सर्टिफिकेट लिए बगैर ही पुल चालू कर दिया था क्योंकि दिवाली के अगले दिन गुजराती नव वर्ष होता है और उस दिन काफी लोग इस क्षेत्र में घूमने आते हैं। क्या इसके लिए भी कंपनी के सिर्फ छोटे छोटे कर्मचारी जिम्मेदार ठहराए जाएंगे?**



**अजीत द्विवेदी**

पाकिस्तान के मशहूर व्यंग्यकार अनवर मकसूद के लोकप्रिय टेलीविजन शो श्लूज टक के एक एपिसोड में मोईन अख्तर शिक्षक बन कर आए थे और उन्होंने एक सवाल पूछा कि पुल किसलिए बनते हैं? एंकर अनवर मकसूद ने कई जवाब दिए लेकिन मोईन अख्तर संतुष्ट नहीं हुए और अंत में उन्होंने जवाब दिया कि पुल गिरने के लिए बनते हैं! यह पाकिस्तान की बात थी, लेकिन भारत पर भी लागू होती है। भारत में भी पुल गिरने के लिए ही बनते हैं। हो सकता है कि पाकिस्तान से कुछ कम गिरते हों लेकिन भारत में भी पुल अक्सर गिर जाते हैं। हर बार इसकी बड़ी खबर इसलिए नहीं बनती है क्योंकि कई बार ऐसे समय में पुल गिरते हैं, जब उनके ऊपर या नीचे कोई नहीं होता है। यानी हादसे में कोई मारा नहीं जाता है। निर्माणाधीन फ्लाईओवर, रेलवे ओवरब्रिज, फुटओवर ब्रिज या मेट्रो के खंभों पर बिछाई जा रही पटरियां गिर जाती हैं। एक अंतरराष्ट्रीय जर्नल श्स्ट्रक्चर एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग में 2020 में एक रिपोर्ट छपी थी। श्एनालिसिस अफ ब्रिज फेल्योर इन इंडिया फ्रम 1977 टू 2017 नाम से छपी इस रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में इन 40 सालों में 2,130 पुल तैयार नहीं हो पाए या निर्माण के अलग अलग चरणों में गिर गए!

असल में पुल गिरना मीडिया में बड़ी खबर तब बनता है, जब ऐसी घटनाओं में लोग मरते हैं या घटना ऐसी जगह होती है, जहां चुनाव होने वाले होते हैं। याद करें कोलकाता में 2016 में विवेकानंद फ्लाईओवर गिर जाने की घटना को। उस घटना में 24 लोगों की जान गई थी। यह घटना मार्च में हुई थी और मई में पश्चिम बंगाल में चुनाव होने वाले थे। सो, यह बड़ी खबर बनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसे लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा था। बंगाल में 2018 में भी दक्षिण कोलकाता में एक पुल गिर गया था लेकिन उसकी कोई चर्चा नहीं हुई क्योंकि सिर्फ चार लोग मरे थे और कोई चुनाव भी नहीं था। पिछले 10-12 साल में ही पुल गिरने के कई बड़े हादसे हुए, जिसमें लोगों की जान गई। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में 2011 में लकड़ी का एक पुल गिर गया था, जिसमें 32 लोगों की जान चली गई थी। इसके थोड़े ही दिन बाद अरुणाचल प्रदेश में एक फुटब्रिज टूट कर गिर गया, जिसमें 30 लोगों की मौत हुई। मरने वाले ज्यादातर बच्चे थे। तीन साल पहले 2019 में मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज रेलवे टर्मिनस पर एक फुटओवर ब्रिज टूट गया था, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। इस पुल का अडिट छह महीने पहले ही हुआ था!

सोचें, अगर इन घटनाओं से कोई सबक लिया गया होता तो गुजरात के मोरबी में पुल गिरने का इतना बड़ा हादसा होता? गुजरात के मोरबी में माच्छू नदी पर बना करीब 136 साल पुराना पुल मरम्मत के बाद दोबारा चालू होने के चौथे ही दिन टूट गया। पुल पर मौजूद करीब चार सौ लोगों में से ज्यादातर लोग नदी में गिर गए और करीब 140 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में सबसे ज्यादा संख्या बच्चों की है।

इतने भयावह और दर्दनाक हादसे का जिम्मेदार कौन है? क्या हादसे के लिए वे ही लोग जिम्मेदार हैं, जिनको गिरफ्तार किया गया है और जिनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या के मामले दर्ज हुए हैं? जिस कंपनी को पुल के रखरखाव का ठेका दिया गया था उस कंपनी के छोटे छोटे नौ कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। हो सकता है कि उनके लालच की वजह से हादसा हुआ हो क्योंकि बताया जा रहा है कि टिकट क्लर्क ने क्षमता से कई गुना ज्यादा लोगों को टिकट दे दी थी। इसके बावजूद मुख्य जिम्मेदारी उनके ऊपर आयद नहीं होती है। मुख्य जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की बनती है। जिला कलेक्टर से लेकर नगरपालिका के अधिकारी और लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर व अन्य अधिकारी जिम्मेदार बनते हैं और उससे भी ऊपर श्डबल इंजन की सरकार की जिम्मेदारी बनती है।

यह यह हैंगिंग यानी झूलता हुआ पुल था, जो आमतौर पर पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में बनाया जाता था। अंग्रेजी राज में 1887 में जब यह पुल बना था तब बताया जा रहा है कि एक समय में इस पर 15 लोगों के जाने की इजाजत थी और जिस दिन हादसा हुआ उस दिन पुल पर चार सौ या उससे ज्यादा लोग थे! क्या इसके लिए सिर्फ टिकट क्लर्क जिम्मेदार ठहराया जाएगा?

पुल के रखरखाव का काम अरेवा नाम की जिस कंपनी को दिया गया था उसका मुख्य काम घरों में काम आने वाले छोटे छोटे इलेक्ट्रनिक आइटम बनाने का है। क्या ऐसी कंपनी को ठेका देने के लिए कंपनी के छोटे कर्मचारी जिम्मेदार हैं? छह महीने की मरम्मत के बाद कंपनी ने फिटनेस सर्टिफिकेट लिए बगैर ही पुल चालू कर दिया था क्योंकि दिवाली के अगले दिन गुजराती नव वर्ष होता है और उस दिन काफी लोग इस क्षेत्र में घूमने आते हैं। क्या इसके लिए भी कंपनी के सिर्फ छोटे छोटे कर्मचारी जिम्मेदार ठहराए जाएंगे?

असल में कंपनी के प्रबंधन या उसके मझोले व निचले स्तर के कर्मचारियों से ज्यादा जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की बनती है। सबको पता था कि पुल बहुत पुराना और कमजोर है फिर भी किसी अनुभवहीन कंपनी को उसके रखरखाव का ठेका क्यों दिया गया? नगरपालिका से फिटनेस सर्टिफिकेट लिए बगैर पुल कैसे चालू हो गया? कंपनी के प्रबंधन की हिम्मत कैसे हुई कि वह बिना प्रमाणपत्र के इसे चालू करे? पुल 25 अक्टूबर को चालू हुआ और हादसा 30 अक्टूबर को हुआ, इस दौरान स्थानीय प्रशासन और पुलिस क्या कर रहे थे? क्या पांच दिन तक उनको पुल चालू होने की सूचना नहीं मिली या उन्होंने जान बूझकर किसी फायदे के लिए अवैध तरीके से पुल को चालू होने दिया? इससे क्या पुल का रखरखाव करने वाली कंपनी और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत का मामला सामने नहीं आता है? इसके बावजूद गाज गिरी है, कंपनी के छोटे छोटे कर्मचारियों पर! साथ ही पूरे मामले पर लीपापोती का प्रयास भी शुरू हो गया है। छोटे कर्मचारियों की गिरफ्तारी और पांच लोगों की विशेष जांच टीम यानी एसआईटी बना कर मामले की तात्कालिक गरमी को शांत कर दिया गया है और अब आगे की जांच सरकारी स्टाइल में चलती रहेगी।

जाहिर है कि भारत में इस तरह के हादसों से कोई सबक नहीं लिया जाता है। हादसों के तुरंत बाद मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री राहत कोष से मुआवजे का ऐलान कर दिया जाता है, कुछ छोटे मोटे लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाता है और उसके बाद जांच शुरू हो जाती है, जिससे अंत में किसी की जवाबदेही नहीं तय होती है। एक समय था, जब रेल दुर्घटना पर लाल बहादुर शास्त्री ने और विमान हादसे पर माधवराव सिंधिया ने इस्तीफा दे दिया था। लेकिन अब कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।

जब तक इस तरह के हादसों के वास्तविक जिम्मेदारों को सजा नहीं होगी तब तक ऐसे हादसे नहीं रूकेंगे। मोरबी हादसे में मारे गए लोगों की सच्ची श्रद्धांजलि मुआवजा देना नहीं है। अगर सरकारें इससे सबक लेती हैं, वास्तविक जिम्मेदार लोगों को सजा देती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि देश भर में जितने भी पुल और इस तरह का स्ट्रक्चर है, उनकी जांच होगी, जहां जरूरत होगी वहां मरम्मत होगी और एक भी जान ऐसे हादसे में नहीं जाने दी जाएगी, वह मोरबी में मारे गए लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# जाति जनगणना की राहुल की बात भारत तोड़ो!

**वेद प्रताप वैदिक**

अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने भारत तोड़ो का नारा दे दिया है। उन्होंने कहा है कि भारत में जातीय जनगणना फिर से शुरु की जानी चाहिए। 2011 में कांग्रेस पार्टी ने जातीय जन-गणना करवाई थी लेकिन भाजपा सरकार ने उस पर पानी फेर दिया। उसे सार्वजनिक ही नहीं होने दिया और अब 2021 से जो जन-गणना शुरु होनी थी, उसमें भी जातीय जन-गणना का कोई स्थान नहीं है। राहुल गांधी इस वक्त जो कुछ कह रहे हैं, वह शुद्ध थोक वोट की राजनीति का परिणाम है।



वे चाहते हैं कि इसके बहाने वे पिछड़ी जातियों के वोट आसानी से पटा लेंगे। लेकिन यदि राहुल गांधी को कांग्रेस के इतिहास का थोड़ा-बहुत भी ज्ञान होता तो वह ऐसा कभी नहीं कहते। क्या मैं राहुल को बताऊँ कि अंग्रेज सरकार ने भारत में जातीय जन-गणना इसलिए चालू करवाई थी कि वे भारत के लोगों की एकता को तोडना चाहते थे। क्यों तोडना चाहते थे? क्योंकि 1857 के स्वातंर्त्य-संग्राम में भारत के हिंदुओं और मुसलमानों ने मिलकर अंग्रेज सरकार की जड़ें हिला दी थीं।

पहले इन दो आबादियों को तोडना और फिर जातियों के नाम पर भारत के सैकड़ों-हजारों दिमागी टुकड़े कर देना ही इस जातीय जनगणना का उद्देश्य था। इसीलिए 1871 से अंग्रेज ने जातीय-जनगणना शुरु करवा दी थी। कांग्रेस ने इसका डटकर विरोध किया था। महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरु ने जातीय जनगणना के विरोध में सारे भारत में जनसभाएं और प्रदर्शन आयोजित किए थे। इसी का परिणाम था कि 1931 में श्सेंसस कमिश्नर जेएचहट्टन ने जातीय जनगणना पर प्रतिबंध लगा दिया।

इस तरह की गणना कितनी गलत, कितनी अशुद्ध और कितनी अप्रामाणिक होती है, यह उन्होंने सिद्ध किया लेकिन कांग्रेस की मनमोहन-सरकार ने थोक वोटों के लालच में 2011 में इसे फिर से करवाना शुरु कर दिया। किसी भी पार्टी ने इसका विरोध नहीं किया, क्योंकि सभी पार्टियां थोक वोट पटाने की फिराक में रहती हैं। इसके विरोध का झंडा अकेले मैंने उठाया। मैंने श्मेरी जाति हिंदुस्तानी आंदोलन शुरु किया। उस आंदोलन का विरोध करने की हिम्मत किसी नेता की नहीं पड़ी। यहां तक कि गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुझे फोन कर के सहयोग देते रहे।

बाद में जो लोग देश के सर्वोच्च पदों पर नियुक्त हुए, वे भी उस समय झंडा उठाकर मेरे साथ चलते रहे। मैं सोनिया गांधी को धन्यवाद दूंगा कि जैसे ही वे न्यूयार्क में अपनी माताजी के इलाज के बाद दिल्ली लौटीं, उन्होंने सारी जानकारी मुझसे मांगी और उन्होंने तत्काल जातीय जनगणना को बीच में ही रूकवा दिया। मोदी को इस बात का श्रेय है कि प्रधानमंत्री बनने पर उन्होंने जातीय जनगणना के जितने अधूरे आंकड़े इको किए गए थे, उन्हें भी सार्वजनिक नहीं होने दिया। काश, उक्त बयान देने के पहले राहुल गांधी अपनी माँ सोनियाजी से तो सलाह कर लेते!

# दवा, दावे और हकीकत

औषधि की महाशक्ति बनने के लिए अनुसंधान और आविष्कार को प्रमुख कसौटी माना जाता है। दरअसल, अगर हम दवा क्षेत्र पर नजर डालें, तो एक दूसरी बड़ी समस्या हमारे ऊपर मंडरा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावा किया है कि भारत अब ऐसी ताकत के रूप में उभर चुका है, जो दुनिया को दवाएं और वैक्सीन उपलब्ध करा रहा है। ये बात अर्धसत्य है। इसलिए कि भारत दवाओं के रिसर्च और डेवलपमेंट में आज भी बहुत पीटे है। मसलन, अक्सफर्ड-ऐस्ट्राजेनिका वैक्सीन का भारत में कोवीशील्ड नाम से उत्पादन देश की एक क्षमता को तो दिखाता है, फिर भी यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि औषधि की महाशक्ति बनने के लिए अनुसंधान और आविष्कार को प्रमुख कसौटी माना जाता है। बहहरहाल, इस बहस से निकलते हुए अगर हम दवा क्षेत्र पर नजर डालें, तो एक दूसरी बड़ी समस्या हमारे ऊपर मंडरा रही है। ये समस्या एंटीबायोटिक दवाओं के बेसर होने की है। कोरोना महामारी के पहले भी वैश्विक स्तर पर एंटीबायोटिक दवाओं को बेअसर करने वाले पैथोजन बड़ी चिंता बन चुके थे। महामारी ने हालत और गंभीर बना दिया है। इसी साल की शुरुआत में द लैन्सेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक 2019 में दवाओं को बेअसर करने वाले इंफेक्शनों के कारण 13 लाख लोगों की मौत हुई।

भारत में बीते एक साल में कई एंटीबायोटिक और एंटीफंगल दवाओं के प्रति बैक्टीरिया ने प्रतिरोधक क्षमता हासिल कर ली है। इंडियन काउंसिल अफ मेडिकल रिसर्च ने इस वर्ष सितंबर में एक रिसर्च प्रकाशित की। इसके मुताबिक कई बैक्टीरियल इंफेक्शनों के मामले में कार्बापेनेम्स दवाएं बेअसर हो चुकी है। कार्बापेनेम्स दवाओं की वह श्रेणी है, जो आईसीयू में न्यूमोनिया जैसे आम इंफेक्शनों के इलाज में इस्तेमाल की जाती रही है। रिपोर्ट तैयार करने से जुड़े रहे वैज्ञानिकों के मुताबिक सेप्सिस या कई गंभीर इंफेक्शनों के इलाज के मामले में दवाएं कम पड़ती जा रही हैं। इसकी वजह है उच्च प्रतिरोधक क्षमता वाले पैथोजंस। आम तौर पर पैथोजन क्रमिक विकास करते हुए मजबूत होते जाते हैं। लेकिन दवाओं के अत्यधिक या गलत इस्तेमाल से ये प्रक्रिया तेज हो सकती है। विशेषज्ञों ने कहा है कि भारत में मेडिकल केयर के अच्छे और विस्तृत ढांचे के अभाव ने इस मुश्किल को बहुत ज्यादा बढ़ाया है। अस्पतालों में इंफेक्शन कंट्रोल में कमजोरी और डायग्नोस्टिक सपोर्ट की कमी इसकी दो मुख्य वजहें हैं। बेहतर होता, सरकार ऊंचे दावे करने के बजाय इस और समस्याओं पर ध्यान देती।

# कनाडा का मतलब और उसमें भारतीय

**विवेक सक्सेना**

मैंने अपनी कनाडा यात्रा के बारे में लिखना तो शुरु कर दिया पर पाठकों को इस देश के बारे में यह नहीं बताया कि वह कहां है। अतरू इस बारे में थोड़ी बहुत जानकारी देने की कोशिश कर रहा हूं। दरअसल उत्तरी अमेरिका का यह देश भारत से लगभग बिना रूके 14 घंटे की उड़ान उडने के बाद आता है। रूस के बाद क्षेत्रफल के हिसाब से यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है जहां दुनिया की सबसे ज्यादा मीठे पानी की झीले हैं वहां करीब 2 लाख झीले है।



दोबारा कलम लिखना शुरु करने के लगभग एक सप्ताह बाद रात को मेरी नींद टूटी। मुझे एक पुरानी बात याद हो आई। मेरे एक संपादक ने मुझे एक बार कहा था कि जब भी तुम किसी स्थान विशेष का जिक्र करो तो उसके बारे में कुछ जरुर लिख देना। जैसे कि त्रिरूचिरापल्ली नाम के स्थान का जिक्र करते हुए यह जरुर बता देना कि वह कहां है और वहां कौन सी भाषा बोली जाती है। उनका कहना था कि आम पाठक को हर चीज के बारे में जानकारी नहीं होती है और न ही तो वह इस बारे में किसी से कुछ जानने की कोशिश करता है, शायद यही वजह है कि मैंने जीवन में कभी भी टाई पहनना नहीं सीखी और न ही मुझे रेलवे का टाइम टेबल देखना आता है।

अब तो खैर रेलवे ने टाइम टेबल ही छापना बंद कर दिया है। मुझे लगा कि मैंने अपनी कनाडा यात्रा के बारे में लिखना तो शुरु कर दिया पर पाठकों को इस देश के बारे में यह नहीं बताया कि वह कहां है। अतरू इस बारे में थोड़ी बहुत जानकारी देने की कोशिश कर रहा हूं। दरअसल उत्तरी अमेरिका का यह देश भारत से लगभग बिना रूके 14 घंटे की उड़ान उडने के बाद आता है। रूस के बाद क्षेत्रफल के हिसाब से यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है जहां दुनिया की सबसे ज्यादा मीठे पानी की झीले हैं वहां करीब 2 लाख झीले है।

कुछ का आकार तो छोटे मोटे देशों से भी बड़ा है। यहां लोकतंत्र है व उसकी प्रमुख ब्रिटेन की महारानी होती है जो कि अपने द्वारा नियुक्त गर्वनर-जनरल के जरिए राज करती है। देश का सबसे बड़ा प्रशासक प्रधानमंत्री होता है। सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है। वहां 10 राज्य व तीन केंद्र शासित प्रदेश हैं।

अंग्रेजी व फ्रेंच यहां की मुख्य भाषाएं हैं क्योंकि कभी अंग्रेज व फ्रांसीसी इस देश पर शासन कर चुके हैं। यहां की मुद्रा डालर व सेंट है। नोटों पर महारानी की तस्वीर छपी होती है। यहां के अपने निवासियों की जनसंख्या 38 करोड़ है व बाहर से आए लोगों में भारतीय लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है।

कनाडा एक बहुत साफ सुथरा प्रातिक दृश्यों से भरपूर देश है जहां बहुत जबरदस्त हरियाली है। भारतीय लोगों में हिंदुओं व सिखों की आबादी करीब 10 लाख है जो कि यहां का महज पांच फीसदी हिस्सा है। वहां जनसंख्या काफी कम होने के कारण एशियाई देशों से बहुत बड़ी संख्या में युवा वहां पढने व नौकरी करने के लिए जाते हैं। हालात यह है कि 2019 के आम चुनाव में वहां भारतीय मूल के 20 सदस्य जीते थे व मौजूदा प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूडो ने उनकी मदद से अपनी सरकार बनायी व इनमें से एक सिख को उन्होंने अपना रक्षा मंत्री भी बनाया था।

यह देश प्रातिक संसाधनों से काफी संपन्न है। हां सोना, क्रोमियम, निकेल, कैडमियम से लेकर रेडियो एक्टिव धातुओं कोयले तक के विशाल भंडार वहां बड़ी तादाद में है। वहां गेहूं, अरंडी (कनोल) की भी खेती होती है। वहां बहुत बड़ी तादाद में हरियाली व ओक, चीड़ आदि के पेड़ बड़ी मात्रा में है। उसकी अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी है व अमीरी के लिहाज से वह दुनिया में तीसरे स्थान पर आता है।

वहां आने वाला पहला भारतीय केसर सिंह था जो कि ब्रिटिश सेना के एक अधिकारी थे। शुरु में उनकी तरह आने वाले ज्यादातर भारतीय सिख ब्रिटिश सेना में विश्व युद्ध में काम कर चुके थे व उनकी मेहनत व स्वामीभक्ति से ब्रिटिश बहुत प्रभावित थे। शुरु में आने वाले ज्यादातर भारतीय पंजाब से थे जो कि यहां के लोगों की तुलना में कम मजदूरी पर यहां काम करने लगे और पैसा बचाकर अपने घरों को भेजने लगे ताकि उनके परिवार के लोग यहां आ सके। शुरु में आने वाले ज्यादातर भारतीय ब्रिटिश कोलंबिया से वेकूंवर शहर से सटे इलाके में बसे जो कि दिल्ली के तिलक नगर जैसे लगता है। वहां ये लोग यहां खेती करने का काम करते थे। मगर बाद में जापानी व चीनी लोगों के आने के बाद मजदूरी से लेकर अन्य बातों को लेकर उनमें आपस में टकराव पैदा होने लगा।

पहले सिख समेत सभी लोग भारत के हिंदू ही माने जाते थे। दाढ़ी रखने के कारण अंग्रेज उनसे नाराज होने लगे। उनको लगता था कि पगड़ी बांधने व दाढ़ी व मूंछ रखने वाले ये गंदे लोग होते हैं। उनका कनाडा में विरोध शुरु हो गया व वहां के एक प्रधानमंत्री ने तो यहां तक कह दिया कि भारतीय कनाडा में बसने के लायक नहीं है। वहां की सरकार ने एक कानून बनाकर वहां आने वाले विदेशी खासतौर से भारतीयों को प्रतिबंधित करने की कोशिश की। इसके तहत उनके लिए अपने शहर देश से कनाडा तक की बिना रूके यात्रा करने व साथ कम से कम 200 डालर पैसा लाना जरुरी कर दिया गया। ताकि वे लोग अपने देश से कनाडा न आ सके। मगर 1905 में वहां पहला गुरुद्वारा स्थापित किया जा चुका था व गुरुद्वारों का कामकाज देखने के लिए चीफ खालसा दीवान की भी स्थापना हो चुकी थी।

इसलिए जब 1914 में गुरुदीत सिंह नामक हांगकांग का एक व्यापारी जापान के एक जहाज कामागाटामारू को किराए पर लेकर उसमें 376 लोगों को लादकर कनाडा के वेंकूवर शहर पर पहुंचा तो वहां की सरकार ने वहां ठहरने की इजाजत नहीं दी। वह वहां दो माह तक रूका रहा तब वहां के दो हिंदुस्तानी नागरिकों हुसैन रहीम व सोहन लाल पाठक ने उन्हें देश में आने की अनुमति हासिल करने के लिए अदालत का दरवाजा खटकाया। उन्होंने सुरक्षा के रूप में सरकारी कोष में 22000 डालर तक जमा करवाए पर असफल रहे और अंततरू सरकार ने जहाज को मुख्य समुद्र में ढकेल दिया।

जब उसी साल सितंबर माह में जहाज भारत पहुंचा तो कलकत्ता के तट पर पहुंचा तो वहां भी लोगों को उतारने की अनुमति नही दी गई। यूनियन उन्हें ट्रेन से जबरन पंजाब वापस भेजना चाहती थी। यह लोग जब जहाज से उतरने लगे तब उनमें व अंग्रेज पुलिस के बीच टकराव हुआ व पुलिस की गोलाबारी में 20 लोग मारे गए। जहाज लाने वाला गुरदीत सिंह लापता हो गया। कुछ सालों बाद उसने आत्म समर्पण कर दिया। उसे पांच साल की कैद हुई व वह जेल में ही मर गया। इस घटना के बाद तत्कालीन कनाडा सरकार को लोगों को न आने देने के लिए बनाए एक कानून में बदलाव करने पड़े। आज वहां सिखों की बहुत विशिष्ट स्थिति है।

मेरे दोस्त व कनाडा के कामागाटामारू प्रकरण में शहीद हुए लोगों को सम्मान देने के लिए संघर्ष करने वाले सिख नेता साहिब सिंह थिंद के अनुरोध पर पिछले दिनों कनाडा के प्रधानमंत्री ने इस कांड पर दुख जताते हुए संसद के अंदर सरकार के त्य के लिए माफी मांगी थी।

## बीजेपी नेता की दिनदहाड़े हत्या, घर के पास बरसाई ताबड़तोड़ गोलियां

**कटिहार ,एजेंसी** । बिहार से बड़ी खबर सामने आई है। यहां के कटिहार जिले में बीजेपी के एक नेता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान कटिहार के पूर्व जिला पार्षद बीजेपी नेता संजीव मिश्रा के तौर पर हुई है। हत्या की यह घटना तेलता थाना क्षेत्र के तेलता हाई स्कूल के पास की है। जानकारी के मुताबिक बीजेपी नेता के घर के सामने ही हत्या की इस घटना को अंजाम दिया गया। बाइक सवार दो की संख्या में हथियारबंद अपराधियों ने संजीव मिश्रा को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग की। इस घटना में गोली लगने से बीजेपी नेता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक हत्या की इस घटना को पुरानी रंजिश के कारण अंजाम दिया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है इस मामले में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।

## इस साल इजरायल में पर्यटकों का आगमन 2 मिलियन के पार

**जेरूसलम ,एजेंसी**। देश के केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, 2022 की शुरुआत से अब तक इजरायल पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या 20 लाख को पार कर गई है। इस साल जनवरी और अक्टूबर के बीच इस्राइल आने वाले पर्यटकों की संख्या 2.078 मिलियन तक पहुंच गई, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में सात गुना अधिक है।

अकेले अक्टूबर में, 333,500 पर्यटकों ने इजराइल का दौरा किया, जो फरवरी 2020 में देश में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के बाद से सबसे अधिक है। देश में बीमारी कम होने के बाद इजराइल ने जनवरी 2022 में टीकाकरण और बरामद पर्यटकों के प्रवेश की अनुमति दी और फिर मार्च में बिना टीकाकरण वाले पर्यटकों की यात्रा की अनुमति दी।

## अमेरिकी राजनयिक की कार हुई दुर्घटनाग्रस्त

**सोफिया ,एजेंसी**। बुल्गारिया में अमेरिकी राजनयिक की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार के ड्राइवर ने शराब और नशीली दवाओं का नमूना देने से इनकार कर दिया। राजनयिक टूट के कारण उसे ऐसा करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता था। घटना दूतावास से कुछ ही दूरी पर एक अस्पताल के मुख्य द्वार के पास हुई। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

## हिमाचल में प्रचार करेंगी राजस्थान सांसद दीया कुमारी

**जयपुर ,एजेंसी** । राजस्थान के राजसमंद से सांसद दीया कुमारी आगामी हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करेंगी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और कृष्ण पाल गुर्जर के साथ चुनावी मोर्चा संभालेंगी। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर रविवार को हिमाचल के सिरमौर जिले के नाहन पहुंचीं दीया कुमारी ने चुनाव प्रचार की तैयारियां शुरू की। वह मंगलवार को एक रैली को संबोधित करेंगी।

## पिता की हत्या के आरोप में बेटी व उसका प्रेमी गिरफ्तार

**मेरठ ,एजेंसी** । यूपी के मेरठ जिले के बहसूमा थाना पुलिस ने 20 वर्षीय एक लड़की और उसके 23 वर्षीय प्रेमी को लड़की के पिता की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। लड़की के पिता 2 नंवबर से घर से लापता थे। उनका शव गांव से बाहर एक बोरे मे ट्यूबवेल से बरामद हुआ। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) केशव कुमार ने बताया कि बहसूमा थाना क्षेत्र के रहावती गांव में सौतेली बेटी सिमरन उर्फ शबरन ने अपने प्रेमी आशीष के साथ मिलकर पिता सतवंत सिंह की हत्या की।

# जलवायु शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे किसान संगठनों ने दी वैश्विक खाद्य संकट की चेतावनी



**काहिरा ,एजेंसी**। मिश्र में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन (सीओपी27) में सोमवार को 350 मिलियन से अधिक किसान परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठनों ने दुनिया भर के नेताओं को लिखे एक खुले पत्र में चेतावनी दी है कि अगर किसानों की आर्थिक मदद नहीं की गई और विविधतापूर्ण षि को बढ़ावा नहीं दिया गया तो दुनिया में खाद्य संकट पैदा हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन (सीओपी27) खाद्य सुरक्षा और जलवायु वित्त पर चर्चा करने के लिए 90 राष्ट्राध्यक्षों की बैठक के साथ मिश्र में शुरू हुआ।

पांच महाद्वीपों के किसानों, मटुआरों, चरवाहों और वन उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करने वाले 70 से अधिक संगठनों ने विश्व ग्रामीण मंच सहित पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें अफ्रीका में खाद्य संप्रभुता के लिए 200 मिलियन छोटे षि उत्पादकों, 13 मिलियन सदस्यों के साथ एशियाई किसान संघ और लैटिन अमेरिका का संगठन कोर्डिनाडोरा डी मुजेरेस लिडेरेस टेरिटोरियल्स डी मेसोअमेरिका, जर्डन, यूके और भारत तक के राष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं।पत्र में चेतावनी दिया गया है कि भले ही हम वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित कर दें वर्तमान वैश्विक खाद्य प्रणाली जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने में कमजोर है। पत्र में कहा गया है कि, इस सम्मेलन की प्राथमिकता एक ऐसी खाद्य प्रणाली होनी चाहिए, जो अधिक तापमान में भी दुनिया भर की खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके।

वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए छोटे पैमाने के उत्पादक महत्वपूर्ण हैं, जो एशिया और उप-सहारा अफ्रीका जैसे क्षेत्रों में भोजन का 80 प्रतिशत तक उत्पादन करते हैं। लेकिन उनको पर्याप्त वित्तीय सहायत नहीं उपलब्ध कराई जा रही। ऐसे किसानों को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने में आवश्यक अनुमानित 240 बिलियन डलर की तुलना में केवल 10 बिलियन डलर की ही मदद की गई।इस सम्मेलन की सफलता छोटे किसानों व उत्पादकों को वित्तीय मदद बढ़ाने में ही निहित है। 2021 में ग्लासगो जलवायु शिखर सम्मेलन में धनी देशों ने ऐसे किसानों को 2025 तक 40 बिलियन डलर प्रति वर्ष उपलब्ध कराने पर सहमति सहमति व्यक्त की थी, लेकिन अभी तक ऐसा हो नहीं सका है।

25 मिलियन खाद्य उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करने वाले और पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले ईस्टर्न अफ्रीका फार्मर्स फेडरेशन के अध्यक्ष एलिजाबेथ न्सिमाडाला ने कहारू हमारे संगठन के सदस्य लाखों लोगों को भोजन उपलब्ध कराते हैं और हजारों को नौकरियां प्रदान करते हैं, लेकिन उनकी पर्याप्त मदद नहीं की जा रही।

जलवायु वित्त को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने की आवश्यकता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे पैमाने के उत्पादकों के पास आने वाली पीढियों को खिलाने के लिए आवश्यक जानकारी, संसाधन और प्रशिक्षण हो।

यह सम्मेलन वैश्विक खाद्य मूल्य संकट के बीच में हो रहा है। हालांकि अभी तक वैश्विक खाद्य की कमी नहीं है। अत्यधिक सूखा, बाढ़ और गर्मी ने दुनिया भर में फसल को नुकसान पहुंचाया है और वैज्ञानिकों ने दुनिया के प्रमुख खाद्य उत्पादन क्षेत्रों में एक साथ फसल के खराब होने के बढ़ते जोखिम की चेतावनी दी है।

इंटरगवर्नमेंटल पैनल अन क्लाइमेट चेंज ने कहा है कि बदलते जलवायु में खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने के लिए विविधतापूर्ण और कम लागत वाली खाद्य प्रणाली आवश्यक है।

एशियन फार्मर्स एसोसिएशन फर सस्टेनेबल रूरल डेवलपमेंट के महासचिव मा एस्ट्रेला पेनुनिया, जो एशिया में 13 मिलियन किसानों का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने कहा, हर साल खाद्य उत्पादन पर सब्सिडी देने के लिए 611 बिलियन डलर खर्च किए जाते हैं, इसका अधिकांश हिस्सा औद्योगिक, रासायनिक व गहन षि पर खर्च किया जाता है। लेकिन यह नागरिकों व पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इसे जारी नहीं रखा जा सकता।

पत्र में कहा गया है कि नेताओं को किसानों की बात सुननी चाहिए और अपने राजनीतिक व वित्तीय ताकत को अधिक विविध, टिकाऊ और सशक्त खाद्य उत्पादन, विशेष रूप से षि षि, मछली पकडने, वानिकी, पशुपालन में बदलाव के पीटे लगाना चाहिए।

34 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार होने के बावजूद, खाद्य और षि को जलवायु सम्मेलन में अनदेखा किया जाता है।

पत्र लिखने वाले सरकारों से एक मजबूत, अधिक टिकाऊ और बेहतर खाद्य प्रणाली बनाने के लिए उनके साथ काम करने की अपील करते हैं।

वर्ल्ड रूरल फोरम की निदेश-ाक लौरा लोरेंजो ने कहा, जलवायु सम्मेलन में खाद्य और षि को दरकिनार कर दिया गया है और छोटे उत्पादकों की चिंताओं को नजरअंदाज कर दिया गया है। लेकिन अगर हमें अगर अपनी प्रणाली को मजबूत बनाना है, तो छोटे किसानों को भी सम्मेलन में स्थान देना होगा और उनकी बात सुननी होगी।

# बैकुंठ चतुर्दशी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुष्कर सरोवर पर किया स्नान



**अजमेर ,एजेंसी**। राजस्थान में अजमेर के तीर्थराज पुष्कर में चल रहे अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले के दौरान आज ब्रह्म चौदस (बैकुंठ चतुर्दशी) के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुष्कर सरोवर पर स्नान किया वहीं संतों का भी शाही स्नान हुआ।

पुष्कर में मौजूद सैन भक्ति पीठ के संस्थापक सैनाचार्य स्वामी अचलानंदाचार्य महाराज के सानिध्य में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए संतों, महंतों, महात्माओं, साधुओं ने पुष्कर सरोवर के सप्त ा षि घाट पर परंपरागत तरीके से 17वां शाही स्नान किया। मठ, मंदिरों से जुड़े साधु महात्माओं के इस शाही स्नान को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। स्वयं सैनाचार्य ने पुष्कर सरोवर का अभिषेक एवं पूजन पूरे विधि विधान से कर शाही स्नान की परंपरा को निभाया।

पुष्कर के सन्यास आश्रम से शाही स्नान के लिए शोभायात्रा के रूप में गाजेबाजे के साथ सभी संत महंत सप्त ा षि घाट पहुंचे और शाही स्नान किया। इस दौरान बाजार में विभिन्न संगठनों द्वारा संतों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

उल्लेखनीय है कि कल आठ नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का महास्नान होना है लेकिन चंद्रग्रहण के चलते सुबह से ही सूतक लग जाएगा जिसका असर शाम तक रहेगा। दिनभर सूतक के चलते ब्रह्मा मंदिर भी बंद रहेगा। इन सबके मद्देनजर कुछ लोग आज ही देव दीवाली भी मनाई गई। जिला कलेक्टर अंशदीप ने अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए आज पुष्कर मेले का जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया।

# व्यापक विरोध के बीच यूक्रेन के लिए इटली का समर्थन बना बहस का विषय

**रोम ,एजेंसी**। इटली की मीडिया ने रूस के साथ संघर्ष में यूक्रेन को सैनिक सहयोग प्रदान करने पर देश के भविष्य के लिए नुकसानदेह बताया है। इसके एक दिन बाद हजारों की संख्या में इटालियंस रोम और मिलान की सड़कों पर देश के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को कार्यक्रमों में बैनर, तख्तियां और इंद्रधनुषी झंडे लिए यूक्रेन में संकट को हल करने के लिए बातचीत और राजनयिक प्रयासों की मांग की।गौरतलब है कि इटली उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और यूरोपीय संघ (ईयू) दोनों का संस्थापक सदस्य है दोनों यूक्रेन के लिए वित्तीय और सैन्य सहायता का व्यापक रूप से समर्थन करते हैं।लेकिन ऊर्जा की आसमान टूती कीमतों और संकट के कारण आर्थिक मंदी के बीच, इटालियंस ने तर्क दिया कि मौजूदा नीतियों ने संसाधनों को मोड़ते हुए युद्ध को लंबा करने का जोखिम उठाया है, सरकार को घेरेलू स्तर पर खर्च करना चाहिए। प्रदर्शनकारियों में ट्रेड यूनियनों, छात्र समूहों और सांसतिक संघों के प्रतिनिधि शामिल थे। शुक्रवार को सात देशों के समूह के विदेश मंत्रियों ने यूक्रेन का समर्थन जारी रखने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराई और नए इतालवी प्रधान मंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने कहा कि यूक्रेन के लिए देश का समर्थन नहीं टूटेगा और जल्द ही और हथियार भेजे जाएंगे। इतालवी दैनिक इल सोल 24 ओरे के अनुसार, विरोध ने इतालवी राजनीतिक नेतृत्व के बीच मतभेदों पर एक नया प्रकाश डाला है, पूर्व इतालवी प्रधान मंत्री ग्यूसेप कोंटे अब सरकार के विपक्ष के सदस्य ने रविवार को कहा कि कोई और हथियार नहीं होगा संसदीय अनुमोदन के बिना भेजा गया। कन्टे को मीडिया द्वारा उद्धृत किया गया था, हमें युद्धविराम और शांति वार्ता की दिशा में सफलता की आवश्यकता है।

## ईरान ने बावर-373 मिसाइल प्रणाली का अनावरण किया

**तेहरान ,एजेंसी**। ईरान ने बावर-373 (बिलीफ-373) सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली के श्उन्नत संस्करण का अनावरण किया, जिसकी मारक क्षमता 300 किमी से अधिक है। अनावरण समारोह में ईरानी रक्षा मंत्री मोहम्मद्रेजा अष्टियानी ने भाग लिया। इस दौरान लंबी दूरी की सैयद बी 4 (हंटर बी 4) मिसाइल लन्च करके सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।

परीक्षण के दौरान, इसका उन्नत रडार 450 किमी से अधिक की दूरी पर एक लक्ष्य का पता लगाने में कामयाब रहा, और लक्ष्य को 300 किमी से अधिक की दूरी पर नष्ट करने से पहले लगभग 405 किमी की दूरी पर ट्रैक किया।

उन्नयन से पहले बावर-373 मिसाइल प्रणाली क्रमशरू 350 किमी, 260 किमी और 200 किमी की दूरी पर लक्ष्य का पता लगाने, ट्रैकिंग और हिट करने में सक्षम थी।समारोह के दौरान, संयुक्त ठोस ईंधन से चलने वाली सैयद बी4 मिसाइलों की उत्पादन लाइन का भी उद्घाटन किया गया।

# अमेरिकी चुनाव : अराजक मामलों से निबटने का जिम्मा राज्य, स्थानीय अधिकारियों पर

**न्यूयार्क ,एजेंसी**। अमेरिका के पास चुनाव कराने के लिए कोई केंद्रीय निकाय नहीं है और यह काम राज्य और स्थानीय अधिकारियों के जिम्मे है, जिन्हें अपने नियमों और तरीकों से अराजक मामलों को संभालना है।

संघीय चुनाव आयोग केवल संघीय चुनाव अभियान कानूनों को लागू करने का प्रभारी है, चुनाव संचालन का नहीं।

देश के लिए एक सामान्य वोटिंग मशीन भी नहीं है और एक राज्य के भीतर मशीनें भिन्न हो सकती हैं , न्यूयर्क राज्य में शहर इलेक्शन सिस्टम्स एंड सफ्टवेयर नामक कंपनी की मशीनों का उपयोग करता है, जबकि अन्य जगहों पर डोमिनियन वोटिंग सिस्टम्स, एक कंपनी कनाडा में स्थापित है और उसके मुख्यालय टोरंटो और डेनवर में हैं।

हालांकि, जब नागरिक मतदान केंद्रों पर मतदान करते हैं, तब भी मतपत्रों के लिए एक पेपर ट्रेल होता है, क्योंकि मतदाता पहले पेपर मतपत्रों को चिह्नित करते हैं, जिन्हें बाद में वोटिंग मशीनों में फीड किया जाता है। संघीय मतदान अधिकार अधिनियम के तहत मतपत्र कई भाषाओं में उपलब्ध हैं। कुछ स्थानों पर समुदाय के आकार के आधार पर अंग्रेजी के साथ भारतीय भाषाओं में भी मतपत्र उपलब्ध हैं, जैसे शिकागो में हिंदी, न्यूयर्क शहर में बांग्ला, न्यू जर्सी के कुछ हिस्सों में गुजराती और कुछ कैलिफोर्निया क्षेत्रों में पंजाबी में उपलब्ध हैं। जब मतपत्रों में उनकी भाषाएं शामिल न हों तो मतदाता अनुवाद या भाषा सहायता का अनुरोध भी कर सकते हैं। चुनाव प्रक्रिया में पहला कदम प्राइमरी का आयोजन है, जहां आम चुनाव में उम्मीदवारों का चयन किया जाता है। कुछ राज्यों में यह पार्टी के सदस्यों तक सीमित अंतर-पार्टी चुनावों के माध्यम से किया जाता है। लेकिन अन्य में प्राइमरी खुले हैं और शीर्ष वोट पाने वाले आम चुनाव में आगे बढ़ते हैं। यह कभी-कभी आम चुनाव में एक ही पार्टी के दो उम्मीदवारों को आम चुनाव में एक-दूसरे के खिलाफ आमने-सामने होने की ओर ले जाता है, न कि विरोधी दलों के दो उम्मीदवारों को।

डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान भी एक क्षेत्राधिकार से दूसरे क्षेत्राधिकार में भिन्न होता है। कोलोराडो में प्रत्येक मतदाता को एक डाक मतपत्र भेजा जाता है, जिसे वे सार्वजनिक स्थानों पर मतपेटियों में पोस्ट या छोड़ सकते हैं। लेकिन न्यूयर्क जैसे अन्य राज्यों में मतदाताओं को डाक मतपत्रों के लिए अनुरोध करना पड़ता है, जिन्हें चुनाव कार्यालयों या मतदान केंद्रों पर पोस्ट या ड्रप करना होता है। कायदे से, संघीय आम चुनाव नवंबर में दूसरे मंगलवार के लिए निर्धारित हैं (और प्राइमरी के लिए कोई निर्धारित तिथि नहीं है)। कुछ राज्य मतदान केंद्रों पर जल्दी मतदान की अनुमति देते हैं। जर्जिया में यह चुनाव के दिन से चार सप्ताह पहले शुरू होता है। यूएस इलेक्शन प्रोजेक्ट के अनुसार, गुरुवार रात तक अमेरिका में लगभग 170 मिलियन पंजीत मतदाताओं में से 33.24 मिलियन नागरिकों ने, व्यक्तिगत रूप से 14 मिलियन और डाक द्वारा 19.14 मिलियन मतदाताओं ने मतदान किया था। अमेरिका में मतदान का प्रतिशत कम है और 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में यह केवल 68.2 प्रतिशत था। मतदान के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष है, लेकिन पंजीकरण की प्रक्रिया एक समान नहीं है। कुछ राज्य ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करते समय पंजीकरण की अनुमति देकर इसे आसान बनाते हैं।

कुछ राज्य सजायाफ्ता अपराधियों को वोट देने की अनुमति देते हैं, लेकिन अन्य में यदि वे ऐसा करते हैं तो उन पर मुकदमा चलाया जा सकता है। मतदाताओं को फोटो पहचान दिखाने के नियम भी एक समान नहीं हैं और डेमोक्रेटिक पार्टी यह दावा करते हुए आवश्यकता का विरोध करती है कि वह गरीब लोगों के साथ भेदभाव करती है। जर्जिया में मतदाताओं को ऐसी पहचान दिखानी होती है, लेकिन न्यूयर्क में उन्हें ऐसा करने की जरूरत नहीं है (हालांकि, विडंबना यह है कि राज्य को गरीबों के लिए मुफ्त भोजन आवंटन की जरूरत है)। अधिकांश स्थानों पर मतदान केंद्रों पर वोटिंग मशीन मतपत्र की प्रक्रिया के दौरान स्वचालित रूप से मतों का मिलान करती हैं, लेकिन अधिकारी मतदान बंद होने पर ही उन तक पहुंच सकते हैं। मतपेटियों को तुरंत एक केंद्रीत स्थान पर ले जाया जाता है, जहां गिनती के बाद परिणाम घोषित किए जाते हैं।

# जेल में है जान का खतरा, धमकी दे रहे पूर्व डीजी और जैन- सुकेश चंद्रशेखर ने फोड़ा तीसरा लेटर बम

**नई दिल्ली ,एजेंसी** । दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर पचास करोड़ रुपये लेने का आरोप लगाने वाले महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने उपराज्यपाल विनय सक्सेना को एक और चिा ी लिखी है। पहले दो लेटर में केजरीवाल सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन और जेल डीजी संदीप गोयल पर गंभीर आरोप लगाए थे। वहीं इस बार भी दिल्ली के उप राज्यपाल विनय सक्सेना को लिखे पत्र में सुकेश चंद्रशेखर ने दावा किया है कि पत्र लिखने के बाद सत्येंद्र जैन और संदीप गोयल की तरफ से उसे लगातार धमकी मिल रही है। उसने कहा कि जेल में उसकी जान को खतरा है।

बता दें कि सुकेश चंद्रशेखर ने एलजी विनय कुमार को तीसरी बार लेटर लिखा है। उसने पत्र में पैसे के लेन देन को लेकर आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाए थे। इन लेटरों में उसने सत्येंद्र जैन और संदीप गोयल पर भी प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप लगाया है। सुकेश ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की है।दरअसल इससे पहले ठगी और हेरफेरी के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने शुक्रवार को एक लेटर अपने वकील के नाम लिखा था। इसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मंत्री सतेंद्र जैन नाम लेकर उसने काफी कुछ लिखा है। इसमें खासतौर पर 2017 में हुई डिनर पार्टी का जिक्र किया गया है।इस लेटर में ज्यादातर सवाल सीधा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पूटे गए हैं। उसने केजरीवाल से पूछा कि अगर वह देश का सबसे बड़ा ठग है तो उसे राज्यसभा सीट का अफर क्यों दिया गया था। उसने यह भी आरोप लगाया था कि इसके उससे 50 करोड़ रुपए लिए गए थे। उसने आरोप लगाया कि जेल में उसे धमकाया जा रहा है। लेकिन वह किसी से डरने वाला नहीं है। सुकेश ने लेटर में इस बात का जिक्र किया था कि अरविंद केजरीवाल ने उसे का-रोबारियों को पार्टी में जोडने और उनसे 500 करोड़ रुपये इका ा करने का लक्ष्य दिया था। साथ ही इतना कर लेने पर उसे कर्नाटक में पार्टी का बड़ा पद भी देने का झांसा दिया गया।सुकेश ने लेटर में बताया है कि साल 2016 में उसने हैदराबाद के होटल हयात में डिनर पार्टी आयोजित किया था। इस पार्टी में अरविंद केजरीवाल शामिल हुए थे। इसी समय उसने केजरीवाल को 50 करोड़ रुपये दिए थे। इस पार्टी में केजरीवाल के साथ सत्येंद्र जैन भी शामिल हुए थे। इस पैसे का लेनदेन कैलाश गहलोत के असोला फार्म पर किया गया था।सुकेश ने पहले लेटर में दावा किया था कि उसने आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन को 10 करोड़ रुपए प्रोटेक्शन मनी के तौर पर दिए थे। उस दौरान सत्येंद्र जेल मंत्री थे। सुकेश ने अपने पत्र में लिखा था कि सत्येंद्र जैन ने मुझे लगातार पैसे देने के लिए मजबूर किया। साथ ही उसने पूर्व डीजी संदीप गोयल पर भी पैसे लेने का आरोप लगाया।

## पुलिसकर्मी पर मेहरबान हुई लक्ष्मी , बैंक अकाउंट में अज्ञात ने भेजे 10 करोड़

**इस्लामाबाद ,एजेंसी**। पाकिस्तान के कराची में तैनात एक पुलिसकर्मी पर श्लक्ष्मी माता मेहरबान हो गई। वह रातों-रात करोड़पति हो गया। उनके बैंक अकाउंट पर किसी अनजान शख्स ने 10 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। बकौल पुलिसकर्मी, उसने अपने बैंक अकाउंट में इतनी ज्यादा राशि कभी सपने में भी नहीं देखी थी। फिलहाल वह इतनी बड़ी रकम पचा नहीं पा रहा है।

मामला कराची के बहादुराबाद थाना का है। यहां तैनात जांच अधिकारी आमिर गोपांग रातों-रात करोड़पति बन गया। दरअसल, उसके खाते में किसी अज्ञात शख्स की ओर से 10 कोरड़ रुपये भेजे गए। जिसके बाद वह हैरान रह गए। आमिर गोपांग ने बताया कि उनके बैंक खाते में वेतन के साथ 10 करोड़ रुपये अतिरिक्त जमा होने की जानकारी मिली। जिसके बाद उन्हें उस पर विश्वास नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि इतना पैसा देखने की बात तो दूर रही मेरे खाते में कभी भी कुछ हजार रुपये से ज्यादा नहीं आए।

# गुलाम नबी आजाद ने इस्तीफा देने के 2 महीने बाद की कांग्रेस की तारीफ



**श्रीनगर ,एजेंसी** । क्या कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद का फिर से कांग्रेस के प्रति प्रेम जाग गया है, जिसकी प्राथमिक सदस्यता से उन्होंने इस साल 26 अगस्त को इस्तीफा दे दिया था? कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद आजाद ने अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी, डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी बनाई, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी जम्मू और कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

कांग्रेस से इस्तीफा देकर उनका अनुसरण करने वाले अपने समर्थकों को आश्चर्यचकित करते हुए आजाद ने रविवार को कहा कि गुजरात और हिमाचल विधानसभा चुनावों में अकेले कांग्रेस में भाजपा को चुनौती देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सिर्फ केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली तक सीमित पार्टी है।

डोडा जिले के अपने दौरे के दौरान कुछ पत्रकारों से बात करते हुए आजाद ने कांग्रेस की धर्मनिरपेक्षता की प्रशंसा की और कहा कि वह कांग्रेस के खिलाफ नहीं, उसकी कमजोर पार्टी प्रणाली के खिलाफ हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह कभी भी धर्मनिरपेक्षता की कांग्रेस की नीति के खिलाफ नहीं थे।

उन्होंने कहा, मैं अब भी चाहता हूं कि कांग्रेस गुजरात और हिमाचल विधानसभा चुनाव जीते। हैरानी की बात यह है कि आजाद ने कांग्रेस पर भरोसा जताते हुए कहा कि वह हिंदू और मुस्लिम किसानों को साथ लेकर चलती है।

पार्टी के पूर्व वरिष्ठ नेता ने कांग्रेस की तारीफ की और आप की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा, आप पंजाब की सत्ता में भले ही आ गई है, लेकिन वह इस राज्य में कुछ नहीं कर सकती और पंजाब के लोग आप को दोबारा वोट नहीं देंगे। केवल कांग्रेस ही पंजाब को कुशलता से चला सकती है। यह एकमात्र पार्टी है जो गुजरात और हिमाचल में भाजपा को चुनौती दे सकती है। आप एक ऐसी पार्टी है जो केवल दिल्ली में मौजूद है। कांग्रेस की समावेशी नीति है।

अब सवाल यह उठ रहे हैं कि क्या पूर्व वरिष्ठ नेता ने कांग्रेस के प्रति फिर से नरमी बरती है, उन्होंने दो महीने पहले कई आरोप लगाते हुए कांग्रेस का साथ छोड़ दिया था।

उन्होंने यहां तक कह दिया था कि राहुल गांधी ने जो भी फैसले लिए हैं, वह उनके सुरक्षाकर्मी ले रहे हैं। इस साल 26 अगस्त को आजाद ने अपना इस्तीफा सोनिया गांधी को भेजने के बाद कांग्रेस के साथ अपने दशकों पुराने जुड़ाव को खत्म कर दिया था। उन्होंने अपने पत्र में राहुल गांधी की काफी आलोचना की थी।

# ऋषभ पंत को मौका देना महत्वपूर्ण था: द्रविड़




मेलबर्न, भारत ने अपने सुपर 12 अभियान में जिम्बाब्वे को 71 रनों से हराकर ग्रुप 2 में शीर्ष स्थान हासिल किया। अब भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड भिड़ेगा। इस पर मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि ऋ षभ पंत को मौका देना महत्वपूर्ण था। रविवार के मैच में, पंत अनुभवी विकेटकीपर–बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के स्थान पर प्लेइंग इलेवन में शामिल हुए, जिसने टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेला। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए, बाएं हाथ के बल्लेबाज ने सीन विलियम्स की गेंद पर एक फ्लैट स्लॉग–स्वीप खेला, लेकिन रयान बर्ल के हाथों कैच आउट हो गए। उन्होंने कहा, कुछ चीजें जो हम हासिल करना चाहते थे, अगर हमें मौका मिला तो पहले बल्लेबाजी करना चाहते थे। हमें उसके लिए टॉस जीतना था। सिर्फ ईमानदारी से कहूं, तो हमने यहां आने पर पाकिस्तान के खिलाफ पहले गेंदबाजी की थी, हम बस अनुभव करना चाहते थे कि इस तरह की परिस्थितियों में लक्ष्य देना कैसा होता है।

उन्होंने आगे कहा, इसके अलावा, हमने महसूस किया कि अगर हम पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो यह हमें 20 ओवर खेलने का मौका मिलेगा और पहले बल्लेबाजी करने के लिए अधिक रन बनाने का रास्ता मिलेगा। वहीं, आज के मैच में ऋषभ को खेलने का मौका देना महत्वपूर्ण था, लेकिन भविष्य को ध्यान में रखते हुए, बस हम विकल्प खोल रहे हैं।

द्रविड़ ने कहा, हर कोई चयन के लिए उपलब्ध है, सिर्फ इसलिए कि कोई इस मैच से चूक गया इसका मतलब यह नहीं है कि हम उन्हें मौका नहीं देंगे। हम सिर्फ यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि हमारे पास हमारे विकल्प खुले हों, जिससे ऋषभ को खेल का समय मिल सके, जो वास्तव में महत्वपूर्ण था।

पंत ने जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू श्रृंखला में भारत की कप्तानी की थी। लेकिन एशिया कप के बाद से, वह कार्तिक की शानदार वापसी के रूप में टीम से अंदर और बाहर हो रहे हैं। एक विशेषज्ञ फिनिशर के रूप में युवा खिलाड़ी खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं, इसलिए वह प्लेइंग इलेवन में निश्चित नहीं हो रहे। जब से भारत आस्ट्रेलिया पहुंचा, पंत ने अक्टूबर की शुरूआत में वेस्टर्न आस्ट्रेलिया इलेवन के खिलाफ अभ्यास मैच खेले, जिसमें बल्लेबाजी की शुरूआत करते हुए 9 रन बनाए थे।

कई पूर्व क्रिकेटरों ने पंत को भारत की प्लेइंग इलेवन में ना लेने को लेकर आलोचना की है, द्रविड़ ने कहा कि भारतीय टीम के थिंक–टैंक ने बाएं हाथ के बल्लेबाज पर कभी विश्वास नहीं खोया, जो अभ्यास सत्रों में कड़ी मेहनत कर रहे हैं।उन्होंने कहा, यह वास्तव में भूमिका है जब आप कई अन्य विकल्पों में से 15 चुनते हैं। इसका मतलब है कि आपको वास्तव में इस 15 में बहुत अधिक आत्मविश्वास मिला है। हां, आप एक बार में केवल 11 खिलाड़ियों को चुन सकते हैं और कुछ लोग कभी–कभी चूक जाते हैं और उन्हें खेलना नहीं पड़ता।

आगे पंत के जिम्बाब्वे के खिलाफ बड़े रन नहीं बनाने के बारे में बात करते हुए, द्रविड़ ने टिप्पणी की है कि वह इसमें बहुत अधिक नहीं सोचेंगे क्योंकि वह स्पिनरों पर तेज रन बनाने के चक्कर में आउट हुए और भारतीय टीम मैच–दर–मैच के आधार पर खिलाड़ियों को आंकती नहीं है।

# चोट के कारण अल्फोंसो डेविस अगले 2 मैचों से बाहर: बायर्न म्यूनिख



म्यूनिख, क्लब ने रविवार को एक बयान में कहा कि स्टार फुटबॉलर अल्फोंसो डेविस हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद बायर्न म्यूनिख के अगले दो बुंडेसलीगा मैच नहीं खेल पाएंगे।

हालांकि बायर्न ने जोर देकर कहा कि कनाडा इंटरनेशनल खिलाड़ी की चोट इतनी गंभीर नहीं है और उन्हें विश्व कप से बाहर होने का खतरा नहीं है।

डेविस को शनिवार को हर्था बर्लिन में बायर्न की 3–2 से जीत में घंटे के खेल के बाद मैदान से बाहर ले जाया गया था।

क्लब ने कहा, एफसी बायर्न विंटर ब्रेक से पहले बचे हुए दो बुंडेसलीगा मैचों के लिए अल्फांसो डेविस के बिना होगा। 22 वर्षीय स्ट्राइकर को शनिवार को हर्था बीएससी में 3–2 से जीत में हैमस्ट्रिंग की चोट का सामना करना पड़ा।उन्होंने आगे कहा, जर्मन रिकॉर्ड चैंपियन की मेडिकल यूनिट ने चोट की पुष्टि की थी। लेकिन कतर में विश्व कप में कनाडाई खिलाड़ी की उपस्थिति को कोई खतरा नहीं है।कनाडा को ग्रुप एफ में बेल्जियम, क्रोएशिया और मोरक्को के साथ रखा गया है। डेविस विश्व कप में कनाडा के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक हैं, जहां देश 1986 के बाद अपनी पहली उपस्थिति दर्ज करेंगे।

## परेरा की गोल की मदद से पीएसजी ने लोरिएंट को 2–1 से हराया

पेरिस,। डिफेंडर डैनिलो परेरा के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन ने लोरिएंट को 2–1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में अपनी मजबूत बढ़त कायम रखी।परेरा ने खेल के 81वें मिनट में नेमार की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल किया।

नेमार ने नौवें मिनट में पीएसजी के लिए पहला गोल किया था। इस जीत से पीएसजी ने दूसरे स्थान पर काबिज लेंस पर पांच अंकों की बढ़त बरकरार रखी।लियोनेल मेसी को पांव में दर्द के कारण इस मैच में विश्राम दिया गया था। विश्व कप की तैयारियों में जुटा अर्जेंटीना के इस स्टार खिलाड़ी के अगले सप्ताह से अभ्यास शुरू करने की संभावना है।अन्य मैचों में तीसरे स्थान पर काबिज रेने ने लिली के साथ मैच 1–1 से ड्रॉ खेला जबकि चौथे स्थान की टीम मार्सिली ने लियोन को 1–0 से हराया।

# कीनिया के चेबेट और लोकेडी ने न्यूयॉर्क मैराथन जीती




न्यूयॉर्क,। कीनिया के इवांस चेबेट और शेरोन लोकेडी ने अपने पदार्पण पर ही रविवार को यहां क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में न्यूयॉर्क मैराथन का खिताब जीता।

इन दोनों ने अपेक्षाकृत गर्म दिन में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ा। चेबेट ने दो घंटे, आठ मिनट और 41 सेकेंड में दौड़ पूरी करके पहला स्थान हासिल किया। वह दूसरे स्थान पर रहे इथियोपिया के शूरा किताटा से 13 सेकंड आगे रहे।

पुरुषों की दौड़ में तब हडक़ंप मच गया जब 21 मील की दूरी पूरी करने के बाद ब्राजील के धावक डेनियल डो नैसिमेंटो नीचे गिर गए। आयोजकों ने बाद में बताया कि वह ठीक है। नैसिमेंटो ने तब बढ़त बना रखी थी। अमेरिका का कोई भी धावक फिर से खिताब जीतने में नाकाम रहा। अमेरिका ने 2009 के बाद न्यूयॉर्क मैराथन का खिताब नहीं जीता है। महिला वर्ग में यह लोकेडी की पहली मैराथन थी जिसमें उन्होंने बाजी मारी। उन्होंने दो घंटे, 23 मिनट और 23 सेकंड का समय लिया तथा इजराइल की लोना केमताई सालपेटर को पीछे छोड़ा।

## भारत–इंग्लैंड सेमीफाइनल में धर्मसेना और रीफेल होंगे मैदानी अंपायर



दुबई, भारत और इंग्लैंड के बीच एडिलेड में होने वाले टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में कुमार धर्मसेना और पॉल रीफेल मैदानी अंपायर की भूमिका निभाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार को मैच अधिकारियों की घोषणा करते हुए यह जानकारी दी।भारत और इंग्लैंड के बीच 10 नवंबर को होने वाले इस मैच के तीसरे अंपायर क्रिस गैफनी होंगे। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच नौ नवंबर को सिडनी में होने वाले पहले सेमीफाइनल में मारियास इरासमुस और रिचर्ड इलिंगवर्थ मैदानी अंपायर की भूमिका निभाएंगे जबकि रिचर्ड केटलबोरो तीसरे अंपायर होंगे।फाइनल 13 नवंबर को मेलबर्न में खेला जाएगा। आईसीसी ने बयान में कहा, मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में 13 नवंबर को होने वाले फाइनल के लिए अंपायरों की नियुक्ति सेमीफाइनल के परिणाम आने के बाद की जाएगी।

# बार्टी का टेनिस में वापसी का कोई इरादा नहीं



मेलबर्न, विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ऐश बार्टी का टेनिस में वापसी करने या किसी अन्य खेल को अपनाने का कोई इरादा नहीं है।मेलबर्न पार्क में अपनी आत्मकथा के विमोचन के अवसर पर इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उनकी उच्च स्तर के खेलों में वापसी करने की कोई इच्छा नहीं है और भविष्य में भी वह ऐसा नहीं करेगी।इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाली बार्टी ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएट प्रेस से कहा, नहीं मेरा वापसी का कोई इरादा नहीं है। मैंने जो हासिल करना था कर लिया है।

बार्टी ने तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं और वहां 121 सप्ताह तक विश्व की नंबर एक खिलाड़ी रही हैं। उन्होंने ब्रिसबेन हीट की तरफ से पेशेवर क्रिकेट भी खेला है और वह गोल्फ में खेलती रही हैं। इससे कयास लगाए जा रहे थे कि टेनिस छोड़ने के बाद वह किसी अन्य खेल में हाथ आजमा सकती हैं।

लेकिन अपनी आत्मकथा 'माइ ड्रीम टाइम' का विमोचन करते हुए बार्टी ने स्पष्ट किया कि वह अपनी नई जिंदगी से बेहद खुश हैं और उनका पेशेवर खेलों में वापसी का कोई इरादा नहीं है।उन्होंने कहा, मुझे अपनी जिंदगी में कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि कोई शून्य है जिसे भरा जाना जरूरी है क्योंकि मुझे जो हासिल करना था वह मैं कर चुकी हूं।

# फिल्मी गपशप

## धारावी बैंक का टीजर जारी, इस सीरीज से ओटीटी डेब्यू करेंगे सुनील शेट्टी



कई फिल्मों में अपनी छाप छोड़ चुके दिग्गज अभिनेता सुनील शेट्टी वेब सीरीज धारावी बैंक से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू करने वाले हैं। इस सीरीज से जारी हुए उनके लुक को शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। यह क्राइम ड्रामा सीरीज स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर पर प्रसारित होगी। अब मेकर्स ने इसका टीजर रिलीज कर दिया है। 50 सेकेंड का यह टीजर काफी दमदार है। इसमें सुनील एक्शन से लबरेज दिखे हैं।

अभिनेता सुनील ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर धारावी बैंक का टीजर शेयर किया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, नई चीजों की खोज जारी रखनी चाहिए। इसलिए, यहां मैं ओटीटी की दुनिया में अपनी शुरुआत कर रहा हूं। दर्शकों का शुक्रिया, आप सभी ने हमेशा मुझे जो प्यार दिया है, उसके लिए धन्यवाद। फैंस टीजर देख कर अभिनेता पर अपना प्यार बरसा रहे हैं।

गोलियों की ताबड़तोड़ फायरिंग के साथ टीजर की शुरुआत होती है। इसके बाद थलाइवन के किरदार में सुनील की एंट्री होती है। सफेद लिबाज, लंबे बाल और दाढ़ी में सुनील का लुक आकर्षक लग रहा है। उन्हें धारावी के क्राइम के मास्टर माइंड के रूप में पेश किया गया है। अभिनेता विवेक ओबेरॉय जेसीपी जयंत गावस्कर नामक पुलिस वाले की भूमिका में दिखे हैं। उन पर अपराध को नियंत्रित करने का जिम्मा है।

जी स्टूडियोज ने इस सीरीज को प्रोड्यूस किया है, जबकि समित कक्कड़ इसके निर्देशक हैं। इसमें एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती (धारावी) की कहानी को दर्शकों के बीच लाया जाएगा। खास बात यह है कि इस सीरीज की शूटिंग भी धारावी में ही हुई है। इसे नवंबर में एमएक्स प्लेयर पर रिलीज किया जा सकता है। इसमें सोनाली कुलकर्णी, फ्रेडी दारूवाला, शांति प्रिया, सिद्धार्थ मेनन, चिन्मय मंडलेकर और समित कक्कड़ जैसे कलाकार दिखेंगे।

रणबीर कपूर की ब्रह्मास्त्र 4 नवंबर को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है। इसमें रणबीर और आलिया भट्ट मुख्य भूमिकाओं में हैं। ऐश्वर्या राय की पोन्नियन सेल्वन भी 4 नवंबर से सभी सब्सक्राइबर के लिए उपलब्ध हो गई है। इससे पहले फिल्म अमेजन प्राइम पर रेंट पर उपलब्ध थी। 11 नवंबर को राजकुमार राव की मोनिका ओ माई डार्लिंग नेटफ्लिक्स पर आएगी। चिरंजीवी और सलमान खान की गॉडफादर 19 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी।

सुनील शेट्टी को आखिरी बार तेलुगु फिल्म गनी में वरुण तेज और सई मांजरेकर के साथ देखा गया था। वह आने वाले दिनों में इनविजिबल वुमन में अभिनेत्री ईशा देओल के साथ नजर आएंगे।



### आयुष शर्मा को श्रेया मिश्रा अपनी फिल्म के लिए एक आदर्श विकल्प लगी

पूर्व फेमिना मिस इंडिया यूनाइटेड कॉन्टिनेंट्स सुश्री श्रेया मिश्रा फिल्म एएस04 में आयुष शर्मा के साथ मुख्य भूमिका निभाने जा रही हैं। यह पहली बार है जब अभिनेत्री मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इससे पहले अभिनेत्री ने अपनी पिछली परियोजनाओं में कुछ छोटी भूमिकाएँ की हैं जिनमें अभय देओल अभिनीत जीरो और रोमांटिक ड्रामा फिल्म मलाल भी शामिल है।

उनकी प्रशंसा करते हुए और फिल्म में महिला प्रधान के रूप में सुश्री को चित्रित करने के कारण, आयुष ने कहा, हम एएस04 के लिए एक नए नाम की तलाश कर रहे थे, जो न केवल एक नया चेहरा है, बल्कि कोई है जो अपने व्यक्तित्व से आपका ध्यान खींच सकता है। सुश्री अपने लुक्स के साथ–साथ अपने अभिनय कौशल और एक्शन क्षमताओं के साथ बिल पर पूरी तरह फिट बैठती हैं।

## रणवीर सिंह की सर्कस क्रिसमस पर अकेले होगी रिलीज, गणपत और मेरी क्रिसमस टली



त्यौहार के मौके पर फिल्मों का क्लैश सुर्खियों में रहता है। निर्माता अपनी फिल्मों को रिलीज करने के लिए त्यौहारों की छुट्टियां भुनाना चाहते हैं। क्रिसमस के मौके पर इस साल रणवीर सिंह की सर्कस, कैटरीना कैफ की मेरी क्रिसमस और टाइगर श्रॉफ की गणपत रिलीज होने वाली थीं। अब खबर आई है कि क्लैश से बचने के लिए गणपत और मेरी क्रिसमस को टाल दिया गया है। इससे साफ है कि क्रिसमस के मौके पर सर्कस अकेले रिलीज होगी।रिपोर्ट के अनुसार 23 दिसंबर को रिलीज होने वाली फिल्में मेरी क्रिसमस और गणपत की रिलीज टाली जा रही है। हालांकि, इस बारे में अभी निर्माताओं ने कोई घोषणा नहीं की है। अब 23 दिसंबर को रणवीर की सर्कस बिना किसी क्लैश के रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन रोहित शेट्टी ने किया है। फिल्म में पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडिस भी नजर आएंगी। सर्कस विलियम शेक्सपियर के नाटक द कॉमेडी ऑफ एरर्स का रूपांतरण है।कैटरीना कैफ की मेरी क्रिसमस एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी एक शॉर्ट फिल्म से प्रेरित है जो पुणे शहर के इर्द–गिर्द घूमती है। फिल्म का निर्देशन श्रीराम राघवन कर रहे हैं। रमेश तौरानी और संजय राउतरे इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में कैटरीना के साथ साउथ सुपरस्टार विजय सेतुपति नजर आएंगे।टाइगर की गणपत की रिलीज भी 23 दिसंबर से आगे कर दी गई है। यह एक ऐक्शन थ्रिलर फिल्म है जिसमें टाइगर जबरदस्त ऐक्शन करते दिखेंगे। गणपत के लिए टाइगर ने बॉक्सिंग सीखी है। फिल्म में टाइगर मुंबई के एक मुक्केबाज की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म पिता और बेटे की कहानी की पृष्ठभूमि पर आधारित है। चर्चा है कि इस फिल्म में अमिताभ बच्चन का भी कैमियो है। फिल्म में जैकी श्रॉफी भी छोटी सी भूमिका में नजर आएंगे।फिल्म गणपत दो भागों में बनेगी। फिल्म का नाम गणपत इसलिए रखा गया है क्योंकि बॉक्सर बने टाइगर फिल्म में गणपति के भक्त बताए गए हैं। यह फिल्म दर्शकों को 2090 की दुनिया की सैर कराएगी।इस साल रक्षाबंधन के मौके पर अक्षय कुमार और आमिर खान पर्दे पर भिड़े थे। 11 अगस्त को आमिर की फिल्म लाल सिंह चड्ढा और अक्षय की फिल्म रक्षा बंधन रिलीज हुई थीं।

## ब्रीद मेरी जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा बन गया है : अमित साध



अभिनेता अमित साध, जो स्ट्रीमिंग शो ब्रीदः इनटू द शैडो के आगामी सीजन में कबीर सावंत के अपने चरित्र के लिए तैयार हैं, उनका मानना है कि शो का हाल ही में लॉन्च किया गया ट्रेलर काफी संतुलित है और हर किरदार को समान महत्व देता है। ब्रीद : इनटू द शैडो के दूसरे सीजन का ट्रेलर गुरुवार को अनावरण किया गया और दो साल से अधिक के इंतजार के बाद शो को दर्शकों के सामने वापस लाया गया। हाई–ऑक्टेन एक्शन ध्श्यों से भरपूर, ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे बेशर्म जे (अभिषेक बच्चन) बाकी 6 पीड़ितों को पकडऩे के अधूरे काम को पूरा करने के लिए वहीं से लौट आया है। कबीर (अमित साध) जे और उसकी हरकतों को पकडऩे के लिए हर संभव कोशिश करते नजर आएंगे। सीजन 2 में जे के लिए अपना पीछा जारी रखने वाले अमित ने कहा, ब्रीदः इनटू द शैडोज सीजन 2 बहुत बड़ा और जटिल है। पहली ही किस्त के बाद से, ब्रीद मेरे जीवन का एक बड़ा हिस्सा बन गया है। मुझे ट्रेलर पसंद है, मुझे लगता है कि प्रशंसकों को यह पसंद आने वाला है। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि यह दुनिया को हर चरित्र और उनके दांव का रोमांच और एक झलक दिखाता है।ट्रेलर की संतुलित प्रकृति की प्रशंसा करते हुए, उन्होंने आगे कहा, व्यक्तिगत रूप से, मुझे यह पसंद है क्योंकि यह एक संतुलित ट्रेलर है और किसी विशेष चरित्र का पक्ष नहीं लेता है।

मैं सभी के लिए लाइमलाइट पाने के लिए हूं और इसके लिए, मैं अमेजॅन की टीम को बधाई देता हूं। और मेरे निर्देशक ने हमें समान महत्व देने के लिए। मैं पिछले ब्रीदः इनटू द शैडो सीजन का हिस्सा रहा हूं और मैं दूसरे सीजन का भी हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर के दूसरे सीजन में एक बार फिर अभिषेक बच्चन और अमित साध के साथ नित्या मेनन, सैयामी खेर और इवाना कौर मुख्य भूमिका में होंगी। ट्रेलर लॉन्च पर नए सीजन के बारे में थोड़ा खुलासा करते हुए, अभिषेक बच्चन ने कहा, सीजन 1 में शुरू हुआ निर्दयतापूर्ण पीछा सीजन 2 में और भी अधिक क्रूर रास्ता अपनाता है। यह सीजन सभी पात्रों को विकसित होते हुए और गड़बड़ में बहुत गहराई तक ले जाएगा। दर्शकों ने सीच्ल के लिए 2 साल तक इंतजार किया है और उन्हें यह देखकर खुशी होती है कि हमें क्या पेश करना है। मुझे खुशी है कि सीजन 2 आखिरकार कई और रहस्यों और दिमागी खेलों का खुलासा और अनावरण करने वाला है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com